संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 30 अगस्त 2023 | ₹1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 231 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखंड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# मोदी सरकार का 'राखी गिफ्ट'

= घरेलू गैस सिलेंडर हुआ 200 रुपये सस्ता = भोपाल में 908, जयपुर में 906 हुई कीमत = दिल्ली में अब कीमत 1103 रुपए से घटकर 903 रुपए= उज्ज्वला सिलेंडर पर अब कुल 400 की रियायत = देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदा मिलेगा = सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 में 7,680 करोड़ का बोझ आएगा

**राहत**

## 8 गैस सिलेंडर सस्ता हुआ फिर एक बार, राखी पर बहनों को मोदी सरकार का उपहारः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्र सरकार ने घरेलू उपयोग से जुड़े गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस फैसले को मंजूरी प्रदान की।
कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि ओणम और रक्षा बंधन पर मोदी सरकार ने बहनों को एक बड़ी सौगात दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमतों में इजाफे के बावजूद सरकार ने देश में गैस के दामों को बढ़ने नहीं दिया है। अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए इनके दाम में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से कटौती की गई है।
उन्होंने कहा, गैस सिलेंडर सस्ता हुआ फिर एक बार, राखी पर बहनों को मोदी सरकार का उपहार। उन्होंने बताया कि इसका देश के 33 करोड़ उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इससे सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7,680 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके अलावा ठाकुर ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत 75 लाख बहनों को सरकार मुफ्त में गैस कनेक्शन देगी। सरकार पहले ही धुएं से मुक्ति के लिए 9.60 करोड़ बहनों को उज्जवला योजना का लाभ दे चुकी है। इसके लिए गैस सिलेंडर, चूल्हा, पाइप व अन्य सामग्री बिना एक रुपये लिये उन्हें मुफ्त दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गैस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये है। अब इसकी कीमत घटकर 903 रुपये हो जाएगी। वहीं घरेलू गैस (एलपीजी सिलेंडर) की कीमतों में कमी पर केन्द्रीय स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह त्योहारों पर माताओं - बहनों को मोदी सरकार का उपहार है।
घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में प्रति सिलेंडर 200 रुपये घटाया गया है। यह प्रधानमंत्री की तरफ से देश के माताओं-बहनों को रक्षाबंधन का उपहार है। इस निर्णय से उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल सब्सिडी 200 से बढ़कर 400 रुपये हो जाएगी।
केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस सर्वस्पर्शी निर्णय से पर्व-त्योहारों की रौनक और बढ़ेगी और मध्यम और सामान्य वर्ग के 33 करोड़ परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही 75 लाख और गरीब मां-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का निर्णय लि या गया है। इससे कुल उज्जवला लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह निर्णय हर घर स्वच्छ ईंधन से स्वास्थ्य, सुरक्षा और महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इस जन-हितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी आभार व्यक्त किया।



## 'गैस की कीमतें कम होने से सहूलियत बढ़ेगी'

**टीम एक्श इंडिया/नई दिल्ली**
मोदी सरकार ने सभी एलपीजी उपभोक्ताओं यानी 33 करोड़ कनेक्शन वालों के लिए एलपीजी सिलेंडर की कीमत 200 रुपये प्रति सिलेंडर कम करने का फैसला लिया है। इस निर्णय के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि, रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मेरी हर बहन खुश रहे, स्वस्थ रहे, सुखी रहे, ईश्वर से यही कामना है।

## घरेलू सिलेंडर पर दी गई छूट को कांग्रेस ने बताया चुनावी स्टंट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्र सरकार की ओर से घरेलू सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी दिए जाने को लेकर कांग्रेस ने इसे चुनावी करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि 200 रुपये सिलेंडर पर कम करना चुनावी फैसला है। मोदी सरकार को जनता के हितों से कोई लेना- देना नहीं है।
मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है। खड़गे ने कहा कि साढ़े 9 सालों तक 400 रुपये का एलपीज सिलेंडर 1100 रुपये में बेचते रहे और अब सब्सिडी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार यह जान ले कि 140



करोड़ भारतीयों को साढ़े 9 साल तड़पाने के बाद 'चुनावी लॉलीपॉप' थमाने से काम नहीं चलेगा। खड़गे ने कहा कि भाजपा लागू कमरतोड़ महंगाई का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस पार्टी पहली बार कई राज्यों में गरीबों के लिए केवल 500 रुपये का सिलेंडर करने वाली है। राजस्थान सरकार इसे लागू भी कर चुकी है।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को झांसी में शिक्षा भवन स्थित नवनिर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन व निरीक्षण किया

## चीन के तथाकथित मानक नक्शे पर भारत ने जताया कड़ा विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत ने चीन की ओर से जारी तथाकथित मानक नक्शे पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए राजनयिक माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि "हमने आज भारतीय क्षेत्र पर दावा करने वाले चीन के तथाकथित 2023 "मानक मानचित्र" पर चीनी पक्ष के साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक मजबूत विरोध दर्ज कराया है। हम इन दावों को खारिज करते हैं। इनका कोई आधार नहीं है। चीन की ओर से इस तरह के कदम केवल सीमा मसले के समाधान को जटिल बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि चीन ने इस तथाकथित नक्शे में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन पर अपना दावा किया है। चीन पहले भी इस तरह की हरकतें करता रहा है।

## सेवा के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएंः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) फेयरलॉन, शिमला में आधार फ उंडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं एचपीएएस और संबद्ध सेवाओं के 13 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने ओक ओवर शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें राज्य के हित में कड़ी मेहनत करने और लोगों की सेवा के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी चयनित अधिकारियों ने अपनी जीवन यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और अब उन्हें फील्ड में अनुभव हासिल करना होगा। उन्होंने परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कहा कि उन्हें सरकारी कार्यप्रणाली की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए।






# जल्द भर्ती करने के लिए पॉलिसी बनाई : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

● ग्रुप डी की सभी पोस्ट का एक कॉडर बनाया, कोई भी ग्रुप डी कर्मचारी भविष्य में सीनियरिटी के अनुसार विभाग भी बदल सकता है

**प्रतिबद्धता**

▶▶ यदि उम्मीदवार चयनित होने के कुछ समय बाद विभाग बदलना भी चाहते हैं तो वे वरिष्ठता के आधार पर बदल सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकारी भर्तियों में पहले बहुत लंबा समय लगता था, पदों की संख्या भी बहुत अधिक होती थी और पदों की श्रेणियां भी अधिक बनती थी। इसलिए इस प्रक्रिया को स्पीड अप करने के लिए सरकार ने ग्रुप सी व डी भर्ती के लिए नई नीति बनाई। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी हरियाणा विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य द्वारा लगाए गए प्रश्न का जवाब देते हुए दी। मनोहर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नई नीति के तहत ग्रुप डी पदों का एक कैडर बनाया और परीक्षा ली जाएगी। यदि उम्मीदवार चयनित होने के कुछ समय बाद अपना विभाग बदलना भी चाहते हैं तो वे वरिष्ठता के आधार पर बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप सी पदों के लिए भी हर विभाग के अलग अलग सर्विस रूल्स थे, जिसकी वजह से ग्रुप सी पदों पर भर्ती हेतु एक परीक्षा लेना संभव नहीं था। नई नीति के तहत सीईटी परीक्षा के लिए ग्रुप सी पदों की लगभग 35 हजार पदों को विज्ञापित किया गया। राज्य सरकार ने एक सामान्य पात्रता- परीक्षा ली। सामान्य पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 11,22,232 थी। 3,59,146 ने सीईटी स्तर- 1 पास किया। उन्होंने कहा कि सभी पदों के लिए एक जैसी शैक्षणिक योग्यता को आधार मानते हुए 64 कैटेगरी बनाई गई है और हर ग्रुप की एक अलग परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि विभागों में पद कम या ज्यादा हैं, इसलिए पारदर्शी और योग्य उम्मीदवार का चयन करने हेतु सीईटी परीक्षा -1 पास करने वाले उम्मीदवारों में से 4 गुणा उम्मीदवारों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप 56- 57 की अभी परीक्षा हुई है। जिसमें प्रश्नों के रिपीट होने का भी एक मामला सामने आया। वर्तमान में मामला न्यायालय में है।

मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि सरकार ने उन उम्मीदवारों को आयु में छूट दी, जिन्होंने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी कुछ विज्ञापनों के लिए आवेदन किया था, जिन्हें बाद में प्रशासनिक कारणों से वापस ले लिया गया था। इसके अलावा, जिन्होंने सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों सहित हरियाणा सरकार के किसी भी विभाग, बोर्ड, निगम में व्यवधान की अवधि को छोड़कर तदर्थ अनुबंध, कार्य प्रभारित, दैनिक वेतन के आधार पर समकक्ष पद पर काम किया है, उन्हें भी आयु में छूट दी गई।

उपरोक्त के अलावा, वे उम्मीदवार जो कुछ विशेष श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति आदि से संबंधित हैं, उन्हें भी छूट दी गई। उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों को सीईटी परीक्षा में आयु सीमा में छूट प्रदान की गई थी, उनके लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने 30 अप्रैल, 2023 को निर्णय लिया कि जो उम्मीदवार सीईटी स्तर- 1 परीक्षा में पात्र थे, लेकिन अब अधिक उम्र के हो गए हैं, उन्हें स्तर- क्कके लिए अनंतिम रूप से उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

## 'सडक निर्माण में तेजी लाने और समय बचाने के लिए टेंडर आमंत्रित'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि नगर निगम रोहतक द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और 15 फीट चौड़ी सडक की उपरोक्त परियोजना की एलाईनमेंट में 158 संपत्तियां (77 वाणिज्यिक और 81 आवासीय) आती हैं। डॉ. कमल गुप्ता ने यह जानकारी हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र के दौरान विधायक भारत भूषण बत्तरा द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में दी।
उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि जो 37 लोग प्रभावित हुए थे उनकी दुकानों को तोड़ा नहीं गया था बल्कि स्वेच्छा से हटाया गया था। उन्हें 50 प्रतिशत मुआवजा के अलावा एक लाख रुपये अतिरिक्त लाभ के पात्र होंगे। डॉ. गुप्ता ने सरकार द्वारा नगर निगम,रोहतक में बजरंग भवन से डबल फाटक रेलवे ट्रैक तक 251.43 लाख रुपये की अनुमानित लागत से सडक निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। । नगर निगम,रोहतक में बजरंग भवन से डबल फाटक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तक 15 फीट सडक का निर्माण उन भूमि मालिकों की सहमति प्राप्त करने के बाद जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा जिनकी भूमि उपरोक्त सडक के निर्माण के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय ने इसे एक विशेष मामला मानते हुए पहली अगस्त, 2023 को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। तदनुसार 2298.94 लाख रुपये की अनुमानित लागत का अनुमान हरियाणा लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडकें) द्वारा तैयार किया गया है तथा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# 'पानीपत में शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित'

### हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पास सकर मशीन इत्यादि सभी उपकरण उपलब्ध

**रख-रखाव**

▶▶ एचएसवीपी के कार्यक्षेत्र में आने वाली बाकी सेवाओं का रख-रखाव कार्य को ठेके पर देकर करवाया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पानीपत में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा मूलभूत सुविधाएं जैसे स्टॉर्म वॉटर, जलापूर्ति, सफाई, सीवरेज इत्यादि सुचारू रूप से संचालित हैं। इन सभी सेवाओं का रख-रखाव एक ही विभाग अर्थात नगर निगम, पानीपत को हस्तांतरित करना संभव है। इस तरह का प्रस्ताव, सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 3 से 6 महीने के भीतर लागू हो जाने की संभावना है। कृषि मंत्री ने हरियाणा विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र में प्रश्न काल के दौरान एक सदस्य द्वारा लगाए गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पास 2 सीवरेज क्लीनिंग मशीन, 2 गैस किट मशीन, सकर मशीन इत्यादि सभी उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अलावा, सफाई के लिए कई बार टेंडर भी किए जाते हैं। उन्होंने सदस्य द्वारा दिए गए प्री फैब्रिकेटेड ड्रेन सिस्टम को अपनाने के सुझाव पर कहा कि इस सुझाव पर विचार किया जाएगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि (एचएसवीपी) ने शहरी संपदा, पानीपत में सेक्टर-6, 7, 8, 11, 12, 13-17, 18, 24, 11, 40 विकसित किए हैं। तत्पश्चात, सेक्टर-6, 11, 12, 13-17, , , और की सभी सेवाएं (जल आपूर्ति और सीवरेज को छोड़कर) नगर निगम, पानीपत को हस्तांतरित कर दी गई थी और इन सेवाओं का रख-रखाव वर्तमान में नगर निगम, पानीपत द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त सेक्टरों की जल आपूर्ति व सीवरेज सेवाओं के अलावा एचएसवीएपी द्वारा सेक्टर-29 में 21-21 एम.एल.डी. क्षमता के दो सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र तथा जल-घर का रख- रखाव व संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सेक्टर-7-8, 18, 24 और 40 (भाग) में सभी सेवाओं का रख-रखाव एचएसवीपी द्वारा किया जा रहा है। सेक्टर-6 में 8 एम.एल.डी. व सेक्टर-19 (गाँव भैंसवाल के नजदीक) में 30 एम.एल.डी. क्षमता के मल-जल शोधन संयंत्रों का रख-रखाव व संचालन भी एचएसवीपी द्वारा किया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने बताया कि उपरोक्त जल आपूर्ति का रख-रखाव एचएसवीपी द्वारा आंशिक रूप से अपने कर्मचारियों के माध्यम से व आंशिक रूप से कार्य को ठेके पर देकर करवाया जा रहा है। एचएसवीपी के कार्यक्षेत्र में आने वाली बाकी सेवाओं का रख-रखाव कार्य को ठेके पर देकर करवाया जा रहा है।

## चीन की नहीं स्वदेश में बनी राखियां भाईयों की कलाई पर सजेंगी

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
इस बार भाईयों की कलाई पर चीन की नहीं, बल्कि देशी राखियां सजेंगी। जिले के शहर बहादुरगढ़ व झज्जर में पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार देशी राखियां छाई हुई हैं जबकि बच्चों के लिए कार्टून, खाटू श्यामजी, स्पाइडर मैन समेत अन्य कई तरह की राखियां बाजार में आई हैं। पर्व की पूर्व संध्या पर शहर के सभी बाजारों में चहल-पहल दिखी। मेहंदी रचाने वालों के यहां भी काफी भीड़भाड़ वाला नजारा देखने को मिला।

## गुणवत्तापूर्ा शोध के लिए उत्तर भारत के छह शिक्षण संस्थान हुए एकजुट

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु आईआईटी रोपड़, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय व जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में हुए समझौता ज्ञापन के तहत एकजुट हुए इन संस्थानों ने जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी सहयोगी संस्थानों के बीच पहली बैठक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा में सम्पन्न हुई। बैठक में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय बठिंडा के कुलपति प्रो. आर.पी. तिवारी, आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहुजा, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. बंसल और जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. यशवंत सिंह सम्मिलित हुए। हकेवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इसके माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने सभी संस्थानों के शिक्षकों को विशेष रूप से इस साझेदारी के उद्देश्यों से अवगत कराने पर जोर दिया। इस जागरूकता के माध्यम से ही समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों की प्राप्ति संभव है। ड्यूल डिग्री कार्यक्रम शुरू करने, आपसी साझेदारी से सेमिनार, कार्यशाला व संगोष्ठी आदि का आयोजन, संयुक्त आउटरीच कार्यक्रम चलाना, इंटर्नशिप और नोडल ऑफिसर की नियुक्ति पर चर्चा की गई।

## फ्री यात्रा के लिए बस अड्डे पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

**कैथल।** मंगलवार को दोपहर के 12 बजते ही कैथल के बस अड्डे पर बसों में फ्री यात्रा के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए बसों की यात्रा फ्री की गई है। जो बुधवार रात 12 बजे तक जारी रहेगी। महिलाओं के साथ उनके 15 साल तक के बच्चे भी निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। कैथल रोडवेज की बसों के बेड़े में 176 बसें शामिल हैं, जो कि इस दिन सड़कों पर दौड़ेंगी। कैथल रोडवेज ने कई रूटों इस दिन अतिरिक्त बसें भी चलाई हैं।

## '100 फीट से ज्यादा गहराई वाले सोलर ट्यूबवेलों को मिलेगा बिजली कनेक्शन'

**किसान हित**

▶▶ किसानों के हित में विधायक नैना चौटाला की बड़ी मांग सरकार ने की पूरी, आदेश जारी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि दक्षिण हरियाणा में जिन किसानों के ट्यूबवेल की गहराई 100 फुट से ज्यादा है और उनका कनेक्शन सोलर पावर का है तो उनके लिए राज्य सरकार ने बिजली का कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह जानकारी डिप्टी सीएम ने मंगलवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान दी। शुक्रवार को विधानसभा सत्र के पहले दिन जेजेपी विधायक नैन सिंह चौटाला ने किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन आवंटन में आ रही इन कठिनाइयों को सरकार के समक्ष रखा था और बिजली कनेक्शन देने की मांग की थी। सदन में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि इसी 25 अगस्त को बाढ़डा विधानसभा की विधायक नैना चौटाला ने अपने विधानसभा क्षेत्र की मांग उठाते हुए कहा था कि दक्षिणी हरियाणा में ट्यूबवेलों की गहराई 100 फुट से भी ज्यादा हो गई है जिसके कारण सोलर पावर की मोटर जमीन से पानी की निकासी करने असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की इसी समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि दक्षिण हरियाणा के 100 फुट से ज्यादा गहराई वाले सोलर ट्यूबवेलों को बिजली का कनेक्शन दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि जरूरत पड़ने पर उत्तर हरियाणा में भी यह स्कीम लागू कर दी जाएगी।

## हरियाणा में न्यायाधीशों के 772 पद स्वीकृत

**चंडीगढ़:** हरियाणा में सत्र न्यायालय (हायर ज्यूडिशरी) 246 तथा निचली अदालतों में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के 526 पद स्वीकृत हैं। हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक शाखा) 129 अधिकारियों की भर्ती का मामला सर्वोच्च न्यायालय के कारण लंबित है।
यह जानकारी प्रश्नकाल के दौरान विधायक राकेश दौलताबाद के द्वारा सदन के नेता व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री की ओर से उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा सदन में दी गई।

## स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित मैपिंग का कार्य लगभग पूरा: स्वास्थ्य मंत्री

**विज का जवाब**

▶▶ गुरावड़ा से एक छोर पर 21 किलोमीटर की दूरी पर जिला नागरिक अस्पताल रेवाड़ी में ट्रॉमा सेंटर स्थित है



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित मैपिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और हमें उम्मीद है कि जल्द ही एजेंसी स्वास्थ्य विभाग को यह रिपोर्ट सौंप देगी। विज ने यह जानकारी हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रेवाड़ी जिले के गुरावड़ा में रेवाड़ी-झज्जर (एन एच- 71) राजमार्ग पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत है जो कि प्राथमिक ट्रॉमा केयर सेवा सहित 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान कर रहा है। गुरावड़ा से एक छोर पर 21 किलोमीटर की दूरी पर जिला नागरिक अस्पताल रेवाड़ी में ट्रॉमा सेंटर स्थित है वहीं दूसरे छोर पर 27 किलोमीटर की दूरी पर जिला नागरिक अस्पताल झज्जर स्थित है, जो कि 24 घंटे ट्रॉमा केयर सेवा प्रदान कर रहें हैं। रेवाड़ी झज्जर (एन एच- 71) राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त / ट्रॉमा मरीजों को इन नजदीकी ट्रॉमा केयर संस्थानों में निश्चित देखभाल मिल रही है।
उन्होंने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देश है कि एक ट्रामा सेंटर का दूसरे ट्रामा सेंटर से दूरी कम से कम 50 किलोमीटर होनी चाहिए जबकि यह 21 किलोमीटर की दूरी पर ट्रामा सेंटर बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि हर अस्पताल के पास एंबुलेंस अटैच है और लाईफ स्पोर्ट सिस्टम लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गुरावडा सामुदायिक केंद्र में जो भी संभव होगा वह स्वास्थ्य से संबंधित उपकरण इत्यादि की सुविधा दे दी जाएगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे कि दिल्ली से पानीपत के बीच में कोई अस्पताल नहीं हैं, और राई के पास एक ट्रामा सेंटर बनाने की आवश्यकता आ रही है, जिसके संबंध में वहां से विधायक द्वारा मांग भी की गई है। उन्होंने कहा कि हम केवल ट्रामा सेंटर ही नहीं बना सकते, क्योंकि वहां पर स्टाफ पूरा देना पडता है, इसलिए हम ट्रामा सेंटर वहां पर बनाना चाहते हैं जो पूर्णत एक अस्पताल हो ताकि वहां के डाक्टर शेष समय पर सारा कार्य करें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी के प्रति उपभोक्ता हुए जागरूक

**सफलता**

▶▶ बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सरकार हुई कामयाब, 8 बार विशेष छापेमारी हुई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह कहा है कि बिजली निगमों के चोरी रोकने के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूक हुए हैं और 60 प्रतिशत तक बिजली चोरी की घटनाओं में कमी आई है। विभाग द्वारा प्रदेश में 8 विशेष छापेमारी की गई जिसमें बिजली चोरी के 33547 मामले दर्ज हुए हैं। ऊर्जा मंत्री विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के अंतिम दिन प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में सदन में बोल रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति व 16 घंटे बिजली आपूर्ति के चोरी के मामले अलग-अलग रिकॉर्ड दर्ज नहीं हैं। अगर कोई विधायक विशेष मामले में जानकारी चाहता है तो वह अलग से लिखित में दे दे, उसे जानकारी उपलब्ध हो जाएगी।

## 'मंडियों की एचआरडीएफ फीस का 33 प्रतिशत हिस्सा क्षेत्र की पंचायतों को दिया जाए'

● गरीब परिवार की बेटियों की शादी में मिलने वाली सहायता राशि 51 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपए करें सरकार



**मांग**

▶▶ नैना चौटाला ने वकीलों के हित में की वकालत, नए वकीलों को बैठने के लिए चैंबर देने सहित कई मांगें उठाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शून्यकाल के दौरान जननायक जनता पार्टी की बाढड़ा से विधायक नैना सिंह चौटाला ने जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी बात सदन के पटल पर रखी। नैना चौटाला ने कहा कि हरियाणा में प्रत्येक मंडी में किसान के उत्पाद पर दो प्रतिशत एचआरडीएफ फीस के रूप में इकट्ठी होती है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष में प्रदेश में 366 करोड़ रुपए एचआरडीएफ और 366 करोड़ रुपए ही मार्केटिंग बोर्ड की फीस के रुप में इक्कठी हुई हैं। विधायक नैना चौटाला ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र की मंडी से एचआरडीएफ फीस का पैसा का एकत्रित होता है, उस फीस का 33 प्रतिशत पैसा संबंधित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को दिया जाना चाहिए ताकि पंचायतें गांव की जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवा सके। विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार अनुसूचित जाति व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देती है लेकिन आज की महंगाई को देखते हुए यह राशि काफी कम है। नैना चौटाला ने सरकार से मांग की कि बेटियों की शादी के लिए दिए जाने वाले 51 हजार रूपए रूपए की राशि को बढ़ाकर दो लाख रूपए किए जाने चाहिए। साथ ही ऐसे गरीब परिवारों को डॉक्टर भीम राव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 80 हजार रूपए की आर्थिक सहायता को बढ़ाकर कम से कम सवा लाख रूपए किया जाए। नैना चौटाला ने नए रजिस्टर्ड होने वाले अधिवक्ताओं की समस्याओं को भी उठाया। उन्होंने कहा कि एक लाख 80 हजार रुपए से कम वार्षिक पारिवारिक आय वाले नए रजिस्टर्ड वकीलों को तीन वर्ष तक पांच हजार रूपए महीने की आर्थिक सहायता के रूप में दिए जाए। नैना चौटाला ने कहा कि नए रजिस्टर्ड होने वाले अधिवक्ताओं के लिए सरकार चैम्बर्स उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि वकीलों के परिवार के सदस्य सामान्य दरों पर ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम के अंतर्गत कवर होने चाहिए या इनके परिवारों को आयुष्मान स्कीम के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाएं मिलनी चाहिए।

## पहली बार तीन विधायकों को मिला सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारिता के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधानसभा के मानसून सत्र का अंतिम दिन उस समय विस्मरणीय बन गया जब वर्ष 1966 में हरियाणा गठन के बाद पहली बार तीन विधायकों को सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारिता व लोकहित के मुद्दे उठाने के लिए सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में पुरस्कृत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल पर सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कारों की परम्परा शुरू की गई। इससे पहले दो विधायकों को ही पुरस्कृत किया जाता था। इस सत्र से तीन विधायकों को पुरस्कार देने की एक नई परिपाटी की शुरूआत की गई है। पुरस्कार स्वरूप शॉल, प्रशस्ति पत्र, विधानसभा का स्मृति चिन्ह व क्रमशः एक लाख 1 हजार रुपये, 71 हजार रुपये और 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। सभी विधायकों ने सदन के नेता मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री चौटाला, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित चयनित कमेटी के सदस्यों का आभार जताया जिन्होंने इस पुरस्कार के लिए उनके नाम का चयन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए यह एक यादगार अवसर होता है जब सदन में उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में स्मरण किया जाता है। इससे अन्य सदस्यों के लिए भी

# मुख्यमंत्री ने खेल दिवस पर 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान प्रोत्साहन योजना' का किया शुभारंभ

**प्रेरणा**

**8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर ध्यान चंद ने लाखों लोगों के दिलों पर राज किया है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सर्वे चौक स्थित आईआरटीडी सभागार में राष्ट्रीय खेल दिवस पर और मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान प्रोत्साहन योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत सरकार 14 से 23 वर्ष तक के खिलाड़ियों को प्रतिमाह दो हजार रुपये खेल छात्रवृत्ति के रूप में देगी। कार्यक्रम में खेल मंत्री रेखा आर्य, मेयर सुनील उनियाल गामा,विधायक खजान दास, अभिनव कुमार,सहित प्रदेश के खिलाड़ी मौजूद हैं।
इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर ध्यान चंद ने लाखों लोगों के दिलों पर राज किया है। उनका काम खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के रूप में हैं। सरकार खिलाड़ियों के हित में लागतार निर्णय ले रही हैं। मेजर ध्यानचंद हमेशा देश के मान सम्मान को बढ़ाया। वो अपने हौसले के बदौलत इतने बड़े मुकाम को हासिल किया। उनका हौसला आज भी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करता है। केन्द्र और राज्य सरकार खिलाड़ियों के हित में एक के बाद एक निर्णय लिया जा रहा है। खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने के लिए पहले ही नई खेल नीति लाई गई। छात्रवृत्ति योजना लाई गई हैं। खेल के क्षेत्र में भी उत्तराखंड को मॉडल बनाने के लिए काम करना है।

# सलूड़- डूंगरा मोटर मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत चार घायल

**दुर्घटना**

**8 शरण सिंह की मौत हुई है जबकि सोभन चौहान, संदीप चौहान, सौरभ चौहान व किशोर चौहान घायल हुए हैं।**



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ प्रखंड के सलूड़-डूंगरा मोटर मार्ग पर सोमवार रात्रि को एक वाहन दुर्घटना में एक की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। ये सभी जोशीमठ क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं।
पुलिस को मिली सूचना के बाद एसडीआरएफ की टीम ने सलूड़-डूंगरा मोटर मार्ग पर पहुंचकर देर रात्रि तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गोपेश्वर चिकित्सालय पहुंचाया। एक गंभीर घायल को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने त्वरित राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए रात्रि के घनघोर अंधेरे और अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों के बीच 02 घायलों को रेस्क्यू किया जबकि एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी। उसके शव को बरामद कर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त 02 लोग सामान्य घायल थे जो स्वयं ही बाहर आ गए थे। घटना में शरण सिंह की मौत हुई है जबकि सोभन चौहान, संदीप चौहान, सौरभ चौहान व किशोर चौहान घायल हुए हैं। सभी लोग सलूड डूंगरा गांव के थे और जोशीमठ से घर जा रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि पूजन कर सेवाओं का किया शुभारंभ

**देहरादून।** गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज के दिशा-निर्देशन में संस्थान विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों द्वारा समाज उत्थान एवं विश्व शांति के लक्ष्य को पूर्ण करने में निष्काम भाव से संलग्न है। इसी कड़ी में संस्थान की ओर से भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम 6 और 7 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम स्थल पर विधिवत रूप से भूमि पूजन कर सेवाओं का शुभारंभ किया गया। जिसमें गुरुदेव के ब्रह्मज्ञानी शिष्यों एवं शिष्याओं ने भाग लेकर समस्त समाज के लिए ईश्वर के चरणों में प्रार्थना अर्पित की। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों व संदेशों को समाज के समक्ष रखा जाएगा, जिसमें गुरुदेव के प्रचारक शिष्य अपनी ओजस्वी वाणी से प्रवचन करेंगे तथा युवा शिष्य नृत्य-नाटिका, डांस बैलै इत्यादि द्वारा भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं को प्रस्तुत कर ईश्वर उपासना का संदेश देंगें। कार्यक्रम में संस्थान के सामाजिक प्रकल्पों की प्रदर्शनी सहित विभिन्न झाँकियाँ भी लगाई जाएंगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ताकि लोग ईश्वर की शाश्वत भक्ति से जुड़ कर अपने जीवन का कल्याण कर सके।

### एनर्जी सोल्युशन्स ब्राण्ड अमेज ने अपनी स्थिति को और मजबूत बनाया

**हरिद्वार।** भारत में पावर बैकअप समाधानों के अग्रणी प्रदाता अमेज ने आज अपने एनर्जी समाधानों की व्यापक रेंज का अनावरण किया। भारत के सबसे तेजी से विकसित होते इन्वर्टर और बैटरी ब्राण्ड के रूप में अमेज इन्वर्टर, बैटरीज एवं सोलर प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज लेकर आता है, जिन्हें उन स्थानों के लिए डिजाइन किया गया है जहां बार-बार लम्बे पावर कट होते हैं। देश भर में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कंपनी चुनिंदा ऑनलाईन रीटेल पर अपनी प्रोडक्ट रेंज का लॉन्च करेगी, इसके साथ कंपनी के प्रोडक्ट देश के दूसरे एवं तीसरे स्तर के शहरों के लिए अधिक सुलभ हो जाएंगे। उद्घाटन समारोह के मौके पर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली तथा ल्युमिनस पावर टेक्नोलॉजीज टीम से प्रीति बजाज, सीईओ एवं एमडी, नीलिमा बुर्रा, सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट एवं चीफ स्टैज्टेजी, ट्रांसफोर्मेशन एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर, अमित शुक्ला, सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट एवं कंट्री हैड- एनर्जी सोल्युशन्स, बिजनेस तथा राजेश कालरा, वाईस प्रेजीडेन्ट- अमेज एनर्जी सोल्युशन्स बिजनेस मौजूद रहे।
बजाज, सीईओ एवं एमडी, ल्युमिनस पावर टेक्नोलॉजीज प्रीति ने कहा कि अमेज ने बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले, ऊर्जा प्रभावी एवं भरोसेमंद ब्राण्ड के रूप में अपने आप को स्थापितकर लिया है। ब्राण्ड विद्युत की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित कर लाखों भारतीयों के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को साकार करने में मदद करता है।
अमेज के ब्राण्ड अम्बेसडर विराट कोहली के अनुसार कि मुझे खुशी है कि मुझे अमेज के परिवार में शामिल होने का मौका मिला है। विश्वसनीयता और जुनून दो ऐसे पहलु हैं, जो मुझमें भी हैं और ब्राण्ड में भी। हम हमेशा कुछ बेहतर करने के लिए प्रयास करते हैं और मुझे उम्मीद है कि अमेज भारतीय घरों एवं उद्यमों को पावर बैकअप के भरोसेमंद एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराकर उन्हें बिजली की निर्बाध आपूर्ति देता रहेगा।

### इस्कॉन ने ट्रांसेंड के साथ आध्यात्मिकता में ला दी क्रांति

**देहरादून।** किताबें विकास को प्रेरित करने और आध्यात्मिक जागृति के लिए एक अनिवार्य माध्यम हैं। इस्कॉन की प्रकाशन शाखा भक्तिवेदांत बुक ट्रस्ट ने अपना इनोवेटिव ऐप ट्रांसेंड लॉन्च किया, जो एक ही स्थान पर ऑडियो और ई-बुक्स दोनों की पेशकश करने वाला दुनिया का पहला ई-लाइब्रेरी ऐप है।
चाहे कोई ऑडियोबुक का प्रशंसक हो या ईबुक पढ़ना पसंद करता हो, ट्रांसेंड ने आपको कवर किया है। उपयोगकर्ता केवल कुछ टैप से ऑडियो और ई-बुक प्रारूपों के बीच सहजता से स्विच कर सकते हैं, जिससे वे अपनी पसंदीदा पुस्तकों का आनंद उस तरीके से ले सकते हैं जो उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो।
श्रील प्रभुपाद की पुस्तकों के 2.7 लाख पृष्ठों में फैले कुल 5.6 करोड़ शब्दों को 8000 घंटे के ऑडियो और 600 ई-पुस्तकों में परिवर्तित किया गया है।

## चोरी की बुलेट के साथ आरोपित युवक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई बुलेट के साथ पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक के खिलाफ दर्ज मुकदमे के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक विष्णु लोक कॉलोनी ज्वालापुर निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि बीते 26 अगस्त को वह अपनी बुलेट यूके 08 एडब्ल्यू-6215 से शास्त्री नगर, ज्वालापुर में अपने दोस्त के घर आया हुआ था। जब वह जाने लगा तो उसकी बुलेट मोटरसाइकिल वहां नहीं थी।

# राजमार्ग के सुरक्षा पुस्ते में आयी दरार, बैनोली गांव को खतरा

**दहशत**

**8 ग्रामीणों का कहना है कि पूरी बरसात उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रतजगा किया है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
कर्णप्रयाग-ग्वालदम राजमार्ग पर थराली से दो किलोमीटर दूर बैनोली गांव के ऊपर सड़क सुरक्षा के लिए बनाई गई भारी भरकम सुरक्षा पुस्ते में दरार आ गई है। इससे गांव के लगभग तीन सौ से अधिक परिवारों को खतरा उत्पन्न हो गया है।
ग्रामीणों का कहना है कि पूरी बरसात उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रतजगा किया है। अभी भी ग्रामीण दहशत में अपनी रात गुजर रहे हैं।
गौरतलब है कि बैनोली बैंड के पास ही बीआरओ की ओर से सड़क की सुरक्षा के लिए नीचे की ओर पुस्ते का निर्माण किया गया है। ग्राम प्रधान गंभीर सिंह रावत, डा. दिनेश जोशी का कहना है कि यह पुस्ता बीआरओ की ओर से मलबे के ऊपर बना दिया गया, उसकी बुनियाद तक नही खोदी गई। इस कारण पुस्ता बरसात की पहली बारिश भी नही झेल पाया और उस में दरारें आ गई हैं। पुस्ते से लगातार गांव की ओर पत्थरों का गिरना जारी है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उनका आरोप है कि मरम्मत के नाम पर बीआरओ ने दरारों में सीमेंट का लेप लगाकर इति श्री कर दी है। अब हल्की धूप मिलते ही दरारें चौड़ी होने लग गई हैं। इस कारण लोगों में खौफ बना हुआ है। ग्रामीण डॉ. दिनेश जोशी ने बताया कि ग्रामीणों को डर है कि कभी भी पुस्ता धराशायी होकर गांव के ऊपर गिर सकता है। इससे बचने के लिए ग्रामीण बच्चों सहित रतजगा कर रहे हैं। ग्राम प्रधान गंभीर सिंह रावत का कहना है कि वे कई बार सीमा सड़क सड़क संगठन के अधिकारियों को अवगत करा चुके है, लेकिन उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।
इधर, बीआरओ के ऑफिसर्स कमांडेंट दिव्य प्रकाश ने बताया कि बैनोली गांव के पास पुस्ता क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसका उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया है। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत इस स्थान का प्रॉपर ट्रीटमेंट किया जाएगा।
इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रोजेक्ट दे दिया गया है।

# अतिक्रमण के नाम पर परेशान कर रही सरकार: गणेश गोदियाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लूसी) के सदस्य और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राज्य के पर्वतीय जनपदों में अतिक्रमण के नाम पर की जा रही तोड़फोड की कार्रवाई पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान किया जा रहा है।
पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल ने पत्रकारों से एक जारी बयान में कहा कि पर्वतीय जनपदों से लगातार पलायन बढ़ता गया और 23 वर्ष की अवधि में लगभग आधे गांव खाली हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में जो लोग वहां पर रहकर किसी



प्रकार अपना गुजर-बसर कर रहे थे। भाजपा सरकार ने उन्हें भी पलायन के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बरसात के बावजूद आशियाने तोड़ना ठीक नहीं है। सरकार की इस कार्रवाई से कई परिवारों को खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही कई छोटे व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।
उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके नेताओं को हमारे पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के दुःख-दर्द से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पर्वतीय जनपदों के लिए अलग नीति बनानी चाहिए। कानूनों में संशोधन कर जो लोग अतिक्रमण माने जाने वाले क्षेत्र में आ रहे हैं उन्हें अन्यत्र सुविधाजनक स्थान पर विस्थापित किया जाना चाहिए।

## चोरी की बुलेट के साथ आरोपित युवक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई बुलेट के साथ पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक के खिलाफ दर्ज मुकदमे के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक विष्णु लोक कॉलोनी ज्वालापुर निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि बीते 26 अगस्त को वह अपनी बुलेट यूके 08 एडब्ल्यू-6215 से शास्त्री नगर, ज्वालापुर में अपने दोस्त के घर आया हुआ था। जब वह जाने लगा तो उसकी बुलेट मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। काफी तलाशने पर भी उसका पता नहीं चला।

# बागेश्वर उप चुनाव में हो रहा है सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग: गरिमा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में बागेश्वर उप चुनाव पर मीडिया से मंगलवार को बातचीत में गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि बागेश्वर उप चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा है। उत्तराखंड सरकार कांग्रेस कार्यकताओं को प्रताड़ित कर रही है।
दसौनी ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस की स्थिति बहुत ही मजबूत है, जिससे सत्ताधारी दल बौखला गया है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी संविधान में अगाध विश्वास रखने वाली पार्टी है और संवैधानिक तरीके से ही चुनाव लड़ रही है, सीमित संसाधनों के बावजूद कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता अपनी मेहनत के बल पर वहां सत्ताधारी दल को कांटे की टक्कर दिए हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया की बागेश्वर में भाजपा के नेताओं के इशारों पर खुलकर धन बल और बाहुबल का प्रयोग किया जा रहा है।
उन्होंने बताया की युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भीम कुमार और भुवन फर्सवान पर बिना किसी अपराध के धारा 107 /116 में शांति भंग का नोटिस दे दिया गया है।
दसौनी ने कहा कि बागेश्वर में 188 बूथ हैं जिनके ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों को फोन पर डराया और धमकाया जा रहा है क्योंकि भाजपा को अपनी हार सामने दिखाई पड़ रही है ।

**तबाही**

**8 बाढ़ ने चारों तरफ तबाही मचा दी थी। चारों तरफ पानी पानी था। लोगों के घरों में पानी था**

# बाढ़ के दौरान कंपनी ने काटा मजदूरों का वेतन, दिया ज्ञापन

**तबाही**

**8 बाढ़ ने चारों तरफ तबाही मचा दी थी। चारों तरफ पानी पानी था। लोगों के घरों में पानी था**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर स्थित जेके टायर फैक्टरी के मैनेजमेंट द्वारा बाढ़ के दौरान मजदूरों का काटा गया वेतन तत्काल वापस कराए जाने के मामले को लेकर निर्बल निर्धन विधि सहायता समिति के अध्यक्ष रस्तोगी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन पत्र प्रेषित कर काटा गया वेतन तत्काल वापस कराये जाने की मांग की।
इस अवसर पर निर्बल निर्धन विधि की सहायता समिति के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने कहा कि लक्सर स्थित जेके टायर फैक्टरी ने बाढ़ के दौरान अपने कर्मचारियों का तीन दिन का वेतन काट लिया था, ऐसे संकट के दौर में जब लक्सर में बाढ़ ने चारों तरफ तबाही मचा दी थी। चारों तरफ पानी पानी था। लोगों के घरों में पानी था। व्यापारी किसान आम नागरिक बाढ़ में डूब रहा था। तब प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और पूर्व सीएम हरीश रावत सहित तमाम राजनीतिक दलों के नेता बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का काम कर रहे थे, लेकिन जेके टायर कंपनी अपने मजदूरों का वेतन काट करके कलंकित कार्य कर रही थी। जेके टायर मैनेजमेंट ने जिस तरीके से मजदूर का पेट काटा है, उससे स्पष्ट होता है कि जेके टायर कंपनी लक्सर का मैनेजमेंट अपने मजदूर का शोषण करती है।
इस संबंध में समिति की ओर से लक्सर के एसडीएम को 2 अगस्त को एक ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया था, जिस पर उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश भी किए थे, लेकिन आज तक उनका पैसा वापस नहीं मिला, इसलिये समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया। रस्तोगी ने कहा कि यदि 15 दिन के अंदर मजदूरों का काटा गया वेतन वापस नहीं हुआ तो निर्बल निर्धन विधिक सहायता समिति अपने खर्चे पर मजदूरों के हक के लिए उत्तराखंड राज्य मानवाधिकार आयोग में जनहित याचिका जेके टायर मैनेजमेंट के विरुद्ध दायर करेगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालो में राजेश रस्तौगी, कैलाशचंद, अमित नौटियाल, मनोहर भट्ट, मंजु रानी, अनीश अहमद, शाहनवाज अहमद, नीरज शर्मा, अशोक पाठक, मोहन सैनी आदि शामिल थे।

# एसडीआरएफ कमांडेंट ने ली जवानों की मासिक बैठक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
एसडीआरएफ के कमांडेंट ने जवानों को बरसात कम होने के बाद ट्रैकिंग और माउंटेनियरिंग एक्सपीडिशन के लिए देश-विदेश से अनेक ट्रैकर्स के उत्तराखंड में आगमन को देखते हुए उनकी सुरक्षा के मद्देनजर हाई एल्टीट्यूड माउंटेनियरिंग टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने के लिए निर्देशित किया।
एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने एसडीआरएफ वाहिनी के मुख्यालय जॉलीग्रांट में आयोजित मासिक सम्मेलन के दौरान एसडीआरएफ के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट



ऑफ माउंटेनियरिंग एलाइड स्पोर्ट्स, मनाली, हिमाचल प्रदेश से माउंटेनियरिंग का प्रशिक्षण लेकर आये जवानों को पुनः वाहिनी स्तर पर फिटनेस ट्रेनिंग कराए जाने के बाद ट्रैकिंग सीजन में संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि वर्तमान में एसडीआरएफ की हाई एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम को नियमित ट्रेनिंग के साथ साथ ट्रैकिंग और माउंटेनियरिंग एक्सपीडिशन के माध्यम से भी मजबूत बनाये जाने का लक्ष्य लेकर अभ्यासरत रहना चाहिए। इसी के साथ कमांडेंट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तराखंड राज्य में व्यवस्थापित एसडीआरएफ की पोस्टों पर उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की मासिक बैठक ली। इसमें समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के आवासीय भोजन व्यवस्था और अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही न्यूनतम समय में समस्याओं के त्वरित निदान को सम्बन्धित को निर्देशित किया।
उन्होंने सभी जवानों से कहा कि मौसम विभाग की जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार एसडीआरएफ की समस्त टीमें अपने समस्त रेस्क्यू उपकरणों के साथ एक्टिव मोड पर रहेगी। रिस्पॉन्स टाइम को कम से कम करने को निरंतर अभ्यास करते रहेंगे। साथ ही समय-समय पर उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच भी करते रहेंगे।
इस दौरान उन्होंने हल्द्वानी, नैनीताल व 3वीं वाहिनी, रुद्रपुर में आयोजित अंतर जनपदीय ,वाहिनी पुलिस तैराकी व क्रॉस कंट्री और पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता 2023 में उत्तराखंड पुलिस के खिलाड़ियों का तैराकी, कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, जूडो, कराटे व ताईक्वांडो में प्रतिभाग करते हुए कुल 08 स्वर्ण, 04 रजत व 06 कांस्य पदक अपने नाम करने और ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त कर शील्ड हासिल करने के लिए एसडीआरएफ उत्तराखंड पुलिस का गौरव बढ़ाया।

# कांग्रेस बागेश्वर विस उपचुनाव में जीत हासिल करेगी : प्रीतम सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चकराता विधायक प्रीतम सिंह के मंगलवार को बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव प्रचार पहुंचने पर पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उनका स्वागत किया।
प्रीतम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि निश्चित ही कांग्रेस पार्टी बागेश्वर उपचुनाव में विजय हासिल करने जा रही है। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन दफौटी, एडवोकेट रमेश भंडारी, यूथ



कांग्रेस उपाध्यक्ष कैलाश पंवार व अन्य उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन की विकृत मानसिकता उजागर

**विगत** दिनों देश में कुछ सुखद व दुखद घटनाएं घटीं जिन पर आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन की प्रतिक्रिया ने उसकी देश और समाज विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन की इन प्रतिक्रियाओं से यह साफ हो गया है कि इस गठबंधन की मानसिकता हिंदू समाज तथा सनातन परंपरा की विरोधी है और यह गठबंधन भारत की उपब्धियों से नफरत करता है। चंद्रयान -3 की गौरवमयी सफलता के उत्सव के मध्य उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से नेहा पब्लिक स्कूल में एक दिव्यांग महिला शिक्षिका द्वारा एक मुस्लिम छात्र को पहाड़े याद न होने पर कक्षा के अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवाने की घटना का वीडियो बनाकर उसे इंटरनेंट पर वायरल कर दिया गया। इसके साथ ही मोहब्बत की दुकान खोले बैठा, मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए आंसू बहाने वाला रुदाली गैंग फुर्ती के साथ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और हिंदू समाज, भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर टूट पड़ा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सक्रियता दिखाई जिसका परिणम यह हुआ कि जो लोग उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य भागों में आग लगाकर अपनी स्वार्थपरक राजनैतिक रोटियां सेंकना चाह रहे थे वो सफल नहीं पाये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख और प्रशासनिक सक्रियता के परिणाम स्वरुप शिक्षिका के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। बेसिक शिक्षा विभाग भी हरकत में आया है और विभाग ने स्कूल प्रबंधक को मान्यता रदद करने का नोटिस जारी किया है। जांच में पता चला है कि स्कूल की मान्यता 2022 में ही समाप्त हो चुकी थी। पुलिस पूरी घटना की हर कोण से जांच कर रही है और यह तथ्य सामने आया है कि मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने की घटना में दो मुस्लिम भी शामिल थे। यह जांच भी की जा रही है कि घटना का वीडियो किस फोन से जारी किया गया है और उसका उद्देश्य क्या था, उसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आरोपी शिक्षिका तृप्ति ने घटना पर क्षमा मांगते हुए कहा कि बच्चों से पिटाई कराना गलत था और यह किसी रंजिश की वजह से नहीं हुआ। वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गयी है। स्कूल प्रबंधक और शिक्षिका का भारतीय जनता पार्टी व संघ से कोई सम्बन्ध नहीं है। क्षेत्र के सीओ डा. रवि शंकर का कहना है कि छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में रिपोर्ट दर्ज है इसकी विवेचना जारी रहेगी और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किये गये वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है, संबंधित युवक के मोबाइल की भी जांच की जा रही है। स्कूल में वीडियो बनाने वाले पीड़ित छात्र के चाचा नदीम का कहना है कि उसने शिक्षिका की जानकारी के बिना वीडियो बनाई थी और यह जारी किसने किया यह जानकारी नहीं है। यहाँ यह महत्वपूर्ण है कि दीपा त्यागी इस क्षेत्र में वर्षों से समान रूप से हिन्दू और मुस्लिम बच्चों को पढ़ा रही हैं । स्पष्ट है आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन में शामिल विरोधी दलों ने भारतीय जनता पार्टी व संघ के खिलाफ जो विष वमन किया वह पूरी तरह से झूठ पर आधारित था और गठबंधन इस घटना पर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहा था। भारतीय जनता पार्टी पसमांदा मुसलमानों के मध्य अपनी पकड़ बनाने का प्रयास कर रही है और प्रथम दृष्टया उसमें सफल होती भी दिखाई पड़ रही है यही कारण है कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन इस घटना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु देश के अन्य भागों में भी नफरत का जहर बोना चाह रहा था जो योगी जी की सक्रियता के कारण विफल हो गया है।

# खेलों के महानायक बन नीरज ने लिखा स्वर्णिम इतिहास

**ललित गर्ग**

> ये सवाल इसलिए उठते हैं क्योंकि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक पदक पाने वाले देशों की सूची में भारत बहुत पीछे है। महज पांच करोड़ की आबादी वाला देश केन्या 65 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एक करोड़ की आबादी वाला देश क्यूबा विश्व चैंपियनशिप में 22 स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल चुका है। ओलम्पिक खेलों की बात की जाए तो वहां भी भारत का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। ओलम्पिक खेलों के 127 साल के इतिहास में हॉकी के अलावा हमें अब तक दो स्वर्ण पदक ही मिले हैं। इनमें एक नीरज चोपड़ा व दूसरा अभिनव बिन्द्रा के नाम ही है। ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद देश ने विकास की रफ्तार नहीं पकड़ी हो। हर क्षेत्र में भारत ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है

**देश** को लगातार मिल रही खुशीभरी खबरों एवं कीर्तिमानों के बीच एक और कीर्तिमान नीरज चोपड़ा ने जड़ दिया। चार दशक में पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किसी भारतीय का देश की झोली में एक दुर्लभ स्वर्ण पदक डालना वाकई नया इतिहास रचने से कम नहीं है। नीरज चोपड़ा का जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना सूखे में बरसात की बूंदों के समान ही माना जाएगा। इस रोशनी के एक टुकड़े ने देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे दिया है, संदेश दिया है कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। इस ऐतिहासिक एवं यादगार उपलब्धि की खबर जब अखबारों में छपी तो सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं। नीरज की एक खिलाड़ी होने की यात्रा अनेक संघर्षों, झंझावातों एवं चुनौतियों से होकर गुजरी है। चंद बरस पहले वह बढ़ते वजन से परेशान एक युवा थे। 13 साल की उमर में उनका वजन 80 किलोग्राम हो गया था जिसकी वजह से उनकी उम्र के दूसरे बच्चे उन्हें चिढ़ाते थे। वहां से शुरू करके नीरज ने न सिर्फ अपने शरीर को साधा बल्कि अपने मन को अनुशासित कर इस तरह से केंद्रित किया कि लगातार आगे बढ़ते रहे, कीर्तिमान गढ़ते रहे। लेकिन उनके पांव जमीन पर हैं और तभी वह भाला फेंकते हैं तो दूर तक जाता है और एक स्वर्णित इतिहास रचता है। तभी अब तक कोई भी ऐथलीट देश को जो गौरव नहीं दिला पाया था, वह नीरज ने दिलाया है। लेकिन बात सिर्फ इस एक गोल्ड की नहीं है। उनकी इस उपलब्धि के साथ ऐसी कई बातें जुड़ी हैं जो उन्हें खास बनाती हैं। उनको खास बनाने में जहां उनकी लगन, परिश्रम, निष्ठा एवं खेलभावना रही, वही साल 2018 में एशियाई खेल और फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, 2020 में तोक्यो ओलिंपिक्स में गोल्ड, 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर, 2022 में ही डायमंड लीग में गोल्ड और 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड लाने का उनका करिश्मा तो बहुत कुछ कहता ही है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान वह अपने प्रदर्शन में लगातार निखार लाते रहे। उन्होंने भारतीय




खेलों को भी दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाया है। इस उपलब्धिभरी सुहानी फिजां में सबसे अहम सवाल यह है कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश खेलों में वह मुकाम हासिल क्यों नहीं कर पाया जिसका वह हकदार है? क्या हमारे यहां खेल का माहौल नहीं है या फिर सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। या खेल भी राजनीति के शिकार है? ये सवाल इसलिए उठते हैं क्योंकि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक पदक पाने वाले देशों की सूची में भारत बहुत पीछे है। महज पांच करोड़ की आबादी वाला देश केन्या 65 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एक करोड़ की आबादी वाला देश क्यूबा विश्व चैंपियनशिप में 22 स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल चुका है। ओलम्पिक खेलों की बात की जाए तो वहां भी भारत का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। ओलम्पिक खेलों के 127 साल के इतिहास में हॉकी के अलावा हमें अब तक दो स्वर्ण पदक ही मिले हैं। इनमें एक नीरज चोपड़ा व दूसरा अभिनव बिन्द्रा के नाम ही है। ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद देश ने विकास की रफ्तार नहीं पकड़ी हो। हर क्षेत्र में भारत ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। विज्ञान हो या अंतरिक्ष, देश ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। इस समय हम दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गए हैं। छह दिन पहले ही चांद पर तिरंगा लहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण विश्व में भारत की बात को महत्त्व दिया जाता है। इन तमाम उपलब्धियों के बीच सवाल यही उठता है कि हम खेलों में पीछे क्यों हैं? क्या इसके लिए खेल संघ जिम्मेदार हैं? खेल संघों पर वर्षों से कब्जा जमाए बैठे राजनेता और नौकरशाह खेल की विकास यात्रा में बाधक तो नहीं बन रहे? ऐसे समय जब चांद के दक्षिण ध्रूव के पास चंद्रयान उतार कर भारतीय वैज्ञानिक स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर चुके हैं और शतरंज में प्रग्नानंदा जैसे यंग टैलंट नई उम्मीदें दिखा रहे हैं, नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि न केवल देशवासियों के मनोबल को और ऊंचा करती है बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर बेहतर करने का विश्वास और प्रेरणा देती है और आजादी के अमृतकाल को अमृतमय करने का हौंसला देती है। नीरज ने 88.17 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया और साबित कर दिया कि भारत की मिट्टी में जन्मे खेलों को यदि खुद भारतवासी ही इज्जत की नजर से देखें तो यह देश कमाल कर सकता है। यदि सच पूछा जाये तो नीरज चोपड़ा भारतीय मूल के खेलों के महानायक बन चुके हैं। उनसे पहले यह रूतबा कुश्ती के पहलवान गुलाम मुहम्मद बख्श उर्फ गामा को ही प्राप्त हुआ है या ओलम्पिक खेलों में शामिल हाकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द के नाम रहा है। नीरज चोपड़ा का योगदान इसलिए बड़ा एवं महान है कि उन्होंने ग्रामीण एवं देशी खेल को विश्व प्रतिष्ठा प्रदान की है। भले ही आर्थिक एवं चकाचौंध वाली सोच के कारण भारत में क्रिकेट का खेल अधिक लोकप्रिय हो, लेकिन खेल की वास्तविक भावना उसमें कहां रही? उसके मुकाबले भाला फेंक जैसे खेल के प्रति अपना जीवन समर्पित करके नीरज ने भारत की नई पीढीं को नई दिशा एवं नया मुकाम देने का काम किया और सन्देश दिया कि भारतीय यदि चाहे तो ग्रामीण खेल कहे जाने वाली स्पधाओं को भी विश्व पटल तक पहुंचा सकते हैं।

नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ी हमारे यहां कम नहीं हैं। खिलाड़ियों को समुचित माहौल, प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें, तो वे पदकों का ढेर लगा सकते हैं, नये कीर्तिमान एवं रिकार्ड बना सकते हैं। रिकार्ड सदैव टूटने के लिए होते हैं और टूटना ही प्रगति का प्रतीक है। नीरज शिखर पर है तो उसको छूने के प्रयास रुके नहीं। ऊंचा उठने के लिए असीम विस्तार है। हमारे खेलों में जब कोई खिलाड़ी अपनी काबिलियत के दम पर शिरकत करता है तो वह न हिन्दू होता है और न मुसलमान बल्कि हिन्दुस्तानी या भारतीय नागरिक होता है। भारत की एकता की ताकत दिखाने के लिए भी हमारे खेल और खिलाड़ी भी एक नमूना हैं। अतः मजहब या धर्म का वजूद हमारे लिए पक्के तौर पर निजी मामला ही है। नीरज चोपड़ा से कुछ पीछे पिछली बार भी पाकिस्तान का खिलाड़ी अरशद नदीम रहा था और इस बार भी यह खिलाड़ी रजत पदक जीतने में सफल रहा। नीरज एवं अरशद की दोस्ती पर कटाक्ष करने वाले खेलों को भी साम्प्रदायिक रंग देने की कुचेष्टा करते हैं। जब भी कोई नीरज भाला उठाता है तो अनूठी दूरी तय करता है, या कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो दो सौ अस्सी करोड़ हाथ तन जाते हैं, एक सौ चालीस करोडों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई नीरज पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर-सचिन समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। नीरज भी आज माप बन गया है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है।

## कविता

### रक्षाबंधन में नई रीत

इस बार रक्षाबंधन में
हम नई रीत चलाएंगे,
बहन को खुद की रक्षा के लिए
नए-नए जतन सिखाएंगे।

बहन के लिए बहुत अच्छा
स्थापित लड़का ढूंढने के पहले
बहन को उच्च शिक्षित,
आर्थिक सक्षम बनाएंगे।

जो प्यार और रक्षा
करें मेरी बहना की,
ऐसे युवक से हम
बहन की शादी करवाएंगे।

मेरी कामना है बहन
पूरी जिंदगी तेरा रक्षा कवच बना रहूं,
राखी में दिए रक्षा के वचन को
ता जिंदगी हम निभाएंगे।

याद रखना मेरी बहना
बहन कभी पराई नहीं होती,
यह बात अच्छे से समझ लो तुम
पूरी जिंदगी तेरा हौसला बन जाएंगे।

थोड़ी चुलबुली हो, बहुत प्यारी हो,
जैसी हो वैसी बहुत न्यारी, हमारी हो,
भाई बहन का रिश्ता अनोखा अद्भुत,
यह सारी दुनिया को हम दिखाएंगे।

संजीव
---------

# चुनावी भूतों का हड्डी प्रेम

**रेखा शाह आरबी**

**हर तरफ** चुनाव का शोर चल रहा था। हर तरफ से चुनाव के भूमिगत भूत बाहर निकल रहे थे। निर्वाचन आयोग ने सारे भूतों को काली झंडी का इशारा कर दिया था । चुनावी शमशान में अपरा तफरी मच चुकी थी । कुछ वेल लेकर आ रहे थे। कुछ तेल लेकर आ रहे थे। कुछ कब्र से निकलकर आ रहे थे। सारे भूत अब एक्शन मोड में आ चुके थे। देश के सारे कामकाज, विकास, समस्या गए थे भांड में तेल लेने । क्योंकि सबसे जरूरी और जरूरी कुछ था वह चुनाव ही था। चुनाव आते ही जनता की समस्या, लोगों के दुख समाप्त हो जाते हैं । उतने चुनावी समय के लिए धरती से सारी समस्याएं गायब हो जाती है। सारे चुनावी भूत जमकर पसीना बहा रहे थे। कुछ इस तर्ज पर अभी नहीं तो कभी नहीं वाला मामला माहौल था । चुनाव कुछ दिन की मेहनत थी। चूके तो पांच साल हाथ पर हाथ रखकर फिर से बिलों में दुबकना, सुबकना, टुबकना पड़ने वाला था। भूमिगत होना पड़ेगा। इसीलिए ना मेहनत में कमी थी ना पैसे खर्च करने में कमी थी। दोनों की फिक्र बेमानी थी । क्योंकि दोनों अराफात मात्रा में थे । दोनों पानी की तरह बहाया और बहवाया जा रहा था। और वोटर उस नदी में छईछपाक खेल रहा था । यह दोनों ही जानते हैं कुछ दिनों का मामला है चूक गए तो अगले पांच साल बाद ही यह मौका आना है । अतः जिसका जो कर्म था वह उसको भर रहा था। इधर चुनावी भूतों के मुखिया रोज शमशान में जाकर तांत्रिक काल कपाल क्रियाएं कर रहे थे। रोज नई विद्याओं द्वारा अपने सिद्ध को साध रहे थे। अगडम-बगड़म- छूमंतर जितने इधर-उधर के भूत सब आ जाएं अपने अंडर ,कुर्सी पर चुपचाप बिठा दे ना मचाए अवंडर बवंडर । इतने घोर तांत्रिक क्रियो के बाद भी कुछ भूत कभी इस पाले में तो कभी उस पाले में छुआ छुंअत वाला खेल .. खेल रहे थे । और मुखिया के दिल का चैन, रात के आराम हराम किए थे। और मुखिया कभी चुनावी भूतों को कुत्ते की हड्डी, तो कभी बिल्ली की हड्डी, तो कभी कुर्सी की हड्डी का लालच दे रहे थे। उन्हें अपने पाले में बुला रहे थे । कुछ आ रहे थे कुछ जा रहे थे। कुछ हड्डी हथियाकर शांत हो जा रहे थे ।और कुछ दोनों ओर की हड्डियों को जांचकर, तौलकर ,मापकर जांच रहे थे । वक्त की नजाकत को भांप रहे थे। कभी इसमें कभी उसमें आ जा रहे थे । तो कभी भाग रहे थे मुखिया भूत भी कम नहीं था। अनेक तांत्रिक क्रियाएं सिद्ध करने में उसे पहले से ही महारत हासिल थी । वह ऐसे भूतों को नचाना खूब जानता था। वह जानता था कि यह चुनावी भूत कुछ छोटी हड्डी से मान जाएंगे । कुछ बड़ी हड्डी से लालच में आएंगे ।इसलिए वह पहले झोले से छोटी हड्डी बाहर निकल रहा था तो कभी बड़ी हड्डी बाहर निकाल रहा था । और यह तब तक कर रहा था जब तक भूत मान नहीं जा रहे थे। चाहे इसमें आम जनता की हड्डियां भी क्यों न शामिल करनी पड़े । और सारे भूत टप-टप-टप लार टपका रहे थे। और उसी लार से मुखिया के जूते चाट रहे थे।

## विचार

# शिक्षकों द्वारा बच्चों की पिटाई से राजनैतिक विमर्श के मायने

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**अस्सी-नब्बे** के दशक में बच्चें की शिक्षा को लेकर शिक्षक व अभिभावकों में एक सम्मान व विश्वास का सम्बंध देखने को मिलता था जो कि वर्तमान की कैरियर बेस शिक्षा में कम होता जा रहा है। शिक्षक के बहुत से गुणों में से एक प्रमुख गुण यह भी माना जाता है कि वह जाति-धर्म से ऊपर उठकर बच्चें के निर्माण को गढ़े। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर में एक मुस्लिम बच्चे को पीटे जाने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि इसी तरह का एक मामला जम्मू व कश्मीर के जिला कठुआ से भी सामने आया है। मुजफ्फरनगर में एक स्कूल में मुस्लिम बच्चे की पिटाई के मामले में मंसूरपुर थाने में आरोपी शिक्षिका तृप्ता त्यागी के खिलाफ धारा 323, 504 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया है। वैसे तो बच्चे के पिता ने अपने बच्चे का इस स्कूल से नाम कटवाकर आरोपी शिक्षिका के साथ समझौता कर लिया था किंतु वीडियो वायरल होने के बाद कुछ राजनीतिक दलों ने पुलिस प्रशासन पर इतना दबाव बनाया कि पुलिस को अभिभावक की ओर से शिकायत वापस लेने के बाद भी केस दर्ज करना ही पड़ा। इस वीडियो के वायरल होने के बाद राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा नेता अखिलेश यादव और जयंत चौधरी, दूर पूर्व में बैठी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी , मुख्यमंत्री बघेल व गहलोत आदि भी इस घटना में निरंतर बयानबाजी कर रहे हैं । ये सब नेता इस घटना को नफरत का एजेंडा बताकर मोदी को कटघरे में खड़ा करने की जी-तोड़ कौशिश में लगे हुए हैं। जबकि कठुआ जिले के बनी इलाके में मौजूद एक स्कूल में बच्चे द्वारा ब्लैक बोर्ड पर 'जय श्री राम' लिख देने पर उसकी बुरी तरह से पिटाई कर डाली क्योंकि ब्लैक बोर्ड पर जय श्री राम लिखना शिक्षक फारुक अहमद और प्रिंसिपल मोहम्मद हाफिज साहब को पसंद नही आया और लिखने वाले बच्चे को समझाने की बजाय शिक्षक बच्चे को प्रिंसिपल के कमरे में ले गया और दोनों ने कमरे को अंदर से बंद कर बच्चे की खूब पिटाई की तथा फिर से ऐसी गलती करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बच्चे को इतना मारा कि उसे बहुत गंभीर चोटे भी आयी हैं। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में भी बच्चे के पिता कुलदीप सिंह की शिकायत पर कठुआ के डिप्टी कमिश्नर राकेश मिन्हास ने एक कमेटी का गठन कर जाँच के बाद पुलिस थाना बनी में मामला दर्ज कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। यद्यपि दोनों मामलों में स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कानूनी कार्रवाई की है तथापि मुजफ्फरनगर वाले मामले में उत्तरप्रदेश के साथ ही बिहार ,पश्चिम बंगाल , छत्तीसगढ़ , राजस्थान, दिल्ली व कर्नाटक आदि से लगातार सियासत करने वाले मोदी विरोधी गुट के बड़े नेता कठुआ वाले मामले में चुप्पी साध गये हैं। दोनों ही घटनाएं शिक्षा व शिक्षक को शर्मसार कर गई है किंतु मुजफ्फरनगर वाली घटना पर नेताओं के साथ सुर-ताल मिलाते हुए कई दिन से लगातार चीखने-चिल्लाने वाले कुछ टीवी चैनलों के एंकर कठुआ में बनी क्षेत्र के स्कूल में हुई घटना पर किस नैरेटिव के तहत मुँह में दही जमाकर बैठे हुए हैं, समझ से परे है। मुजफ्फरनगर में एक शिक्षिका ने पहाड़े न सुनाने पर दूसरे उन बच्चों से थप्पड़ मरवाये जिन्होंने पहाड़े सुना दिये थे। जब हम पढ़ते थे तो तब शिक्षक हमें भी दूसरे बच्चों से थप्पड़ लगवा देते थे । अक्सर विद्यालयों में ऐसा होता आया है कि होशियार बच्चों से या प्रश्न सुना देने वाले बच्चों से न सुनाने वाले को मुक्का-थप्पड़ मरवा देते हैं किंतु शिक्षिका ने जो धर्म को लेकर टिप्पणी की है वह निंदात्मक है। मुस्लिम वर्ग से अधिक हिंदू समाज ने इसकी निंदा की है। सही-गलत की भी जाँच चल रही है। कानून की उक्त धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज भी हो गया है। किंतु मेरा उन टीवी चैनलों से यह सवाल है कि इस घटना को रूस-यूक्रेन युद्ध से भी बड़ी घटना बनाकर प्रस्तुत करने वाले एंकर कठुआ के मामले पर जनता को बताना भी आवश्यक क्यों नहीं समझते?

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# टिकाऊ विकास, हिमालय की आस

**कुलभूषण उपमन्यु**

**हिमाचल** प्रदेश में बाढ़-भूस्खलन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और चंबा जिले बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा तबाही कांगड़ा में हुई है। वैसे तो पूरा हिमाचल प्रदेश ही तबाही की चपेट में है। सब कोई हैरान है कि आखिर यह हो क्या रहा है। गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। जहां सोच भी नहीं सकते, वहां भी तबाही के बादल छाए हैं। 369 से ज्यादा अमूल्य जीवन इस आपदा में काल का असमय ग्रास बन चुके हैं और 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। लगभग दो हजार घर पूरे तबाह हो चुके हैं। लगभग नौ हजार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है। फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है। सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है किन्तु घर के अंदर बैठे-बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है। हम वैश्विक तापमान वृद्धि के दौर से दो-चार हो चुके हैं। इसके कारण जलवायु में अभूतपूर्व बदलाव आ रहे हैं। बारिश का तरीका भी बहुत बदल गया है। कभी सूखा और कभी भारी बारिश। थोड़े समय में इतना पानी गिर जाता है जिसके बारे में सोच भी नहीं सकते। जुलाई की 255.9 मिलीमीटर औसत वर्षा के मुकाबले प्रदेश में 437 मिलीमीटर बारिश हुई। सिरमौर में सबसे ज्यादा 1097.5 मिलीमीटर बारिश हुई। किन्नौर में 199 प्रतिशत से औसत से ज्यादा बारिश हुई। कुल्लू में 476मिलीमीटर, मंडी में 546 मिलीमीटर, शिमला में 584.6 मिलीमीटर और सोलन में 735.7 मिलीमीटर वर्षा जुलाई मास में रिकार्ड की गई। अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है।

# चलो प्यार की खिचड़ी बनाएँ

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सबसे** पहले मैसेंजर, इंस्टाग्राम जैसे मंचों पर जाकर गोरी-गोरी, चिकनी-चिकनी लड़कियों की तलाश करें। उनकी पोस्टों पर लाइक, कमेंट, शेयर की झड़ी लगा दें। फिर धीरे से उनके चैट बॉक्स में घुसपैठ करें। इसके बाद प्यार की खिचड़ी बनाने की निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करें -

आप सबसे पहले फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि में चैट करते समय हेलो कहें। दूसरी ओर हाय का मैसेज आएगा।

फिर कहें - आप बहुत अच्छी हैं।

उसके बाद कहें - आपकी मुस्कान बहुत सुंदर है।

और लंबी फेंके - अब तक आपको बीसियों लड़कों ने प्रपोज किया होगा। (उसकी ओर से शमार्ने वाले एमोजी के साथ नहीं वाला संदेश अवश्य आएगा।)

समझिए कि चुनाव सर पर है और कहें - मैं बहुत दिनों से तुम जैसी सुंदर, सुशील, संस्कारी लड़की की तलाश कर प्रपोज करना चाहता था। तुम भगवान की तरह प्रकट हो गई। यह मेरे पूर्व जन्मों का पुण्य है।

फिर एक बड़ा सा जाल फेंककर फंसाते हुए कहिए - देखिए न मैं भी कितना पागल हूँ। मैंने रिक्वेस्ट भेजी कि नहीं आपने एक्सेप्ट कर ली। मुझे विश्वास ही नहीं होता कि मैं आपकी मित्रता सूची में हूँ।

वह हम्म वाला संदेश भेजेगी और तुम कहना - तुम जैसी सुंदर लड़की को कौन खोना चाहेगा।

जब दिल की धड़कन बढ़ने लगे तब सहमे हुए हाथों से टाइप कर देना - यदि तुम चाहो तो हम आगे बात बढ़ा सकते हैं। मिलकर जिंदगी को हसीन बना सकते हैं।

प्यार में पड़कर निब्बा-निब्बी खेल सकते हैं। एक-दूसरे के लिए बेबी और बाबू बन सकते हैं।

और अंत में अचूक बाण फेंकते हुए कहना - तुम बुरा न मानो तो क्या अपना नंबर दे सकती हो।

इस तरह आपके प्यार की खिचड़ी बनकर तैयार हो जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### विधायक प्रमोद विज ने विधानसभा में की छोटे कचरा संग्रहण केंद्र बनाने की माँग

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विधानसभा मानसून** सत्र का अंतिम दिन पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने की ल्ररश्ढ के 10 साल पुराने सेक्टरों को रखरखाव के उद्देश्य से नगर निगम को जल्द सौंपने की सरकार से अपील की इसके उपरांत विधायक विज ने सदन के समक्ष दूसरी माँग अन्य शहरों की भांति पानीपत में भी ढ91 ॠ्रूंश्री ॐ्रल्लॅ र८२३ी को अपनाने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शहर में छोटे कचरा संग्रहण केंद्र बनाने की मांग की एवं मंत्री से पूछा कि सफाई की यह व्यवस्था कब तक लागू हो जाएगी कविधायक की मांगों का जबाव कृषि मंत्री जेपी दलाल ने मंत्री कमल गुप्ता की अनुपस्थिति में देते हुए बताया कि पानीपत में सफाई की व्यवस्था को ठीक करने हेतु हुड्डा के पास दो सीवर क्लीन मशीन , गम रूट, दस्ताने और सफाई के अन्य साधन है ,और समय समय पर सफाई हेतु टेन्डर लगाए जाते है कविधायक की अन्य मांगों को शीघ्र माना जाएगा और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा

### आकाश बायजूस ने वृक्षारोपण अभियान के तहत अंबाला के हर्बल पार्क में रोपे 267 पौधे



**अंबाला।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हुए अंबाला में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस क्रम में संस्थान ने हर्बल पार्क में 267 पौधे लगाए। गौरतलब है कि अंबाला शाखा के 267 छात्रों ने एनईईटी, जेईई (मेन) और जेईई एडवांस 2023 के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। एसपी अंबाला श्री जशनदीप सिंह रंधावा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जिनके साथ कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ आकाश के वरिष्ठ शैक्षणिक सदस्य और छात्र भी मौजूद थे। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। सतत विकास का महत्व और पर्यावरण का संरक्षण कैसे करें। सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

### हिस्ट्री टीवी 18 पेश कर रहे है हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज: स्टोलन नाझी ट्रेजर

**नई दिल्ली।** हिस्ट्री टीवी 18 दर्शकों को एक रहस्यमय खोजी यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है ।अडोल्फ हिटलर का यहूदियों पर आक्रमण और नरसंहार मानव इतिहास की कभी ना भुलाई जानेवाली घटनाओं में से एक माना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिटलर की सेनाओं ने युरोप मे कुछ देशोंमे बेतहाशा लूटपाट की थी । लूटा गया यह खजाना कहां है, यह आज भी रहस्य बना हुआ है। जिसने लगभग अस्सी वर्षों से विशेषज्ञों तथा इतिहासकारों को उलझा कर रखा है हिस्ट्री टीवी 18 ने इस खजाने को खोजने के लिए एक मिशन आरंभ किया है ` इस खोज को दशार्नेवाली " हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट मिस्ट्रीज : स्टोलन नाझी ट्रेजर " का प्रसारण 2 सितंबर 2023 को रात 9 बजे हिस्ट्री टीवी 18 पर प्रसारित किया जाएगा । मशहूर हॉलीवुड एक्टर लारेंस फिशबर्न इसमे होस्ट की भूमिका मे नजर आएंगे। दुनिया का सबसे बड़ा तानाशाह हिटलर 1933 में जर्मनी का चांसलर बना ।उसके बाद उसने पूरे यूरोप में लूटपाट की और जिस भी देश पर आक्रमण किया वहां से भारी मात्रा में धन संपत्ति इकट्ठा की। अमूल्य कलाकृतियों और आभूषणों से लेकर सोने , चांदी के भंडार और सांस्कृतिक खजाने तक को उसने लूट लिया ।इसका आंकड़ा लगभग 600 मिलियन डॉलर तक आंका गया है ।इस शो का उद्देश्य है कि नाजीओं द्वारा की गई चोरी की एक ज्वलंत तस्वीर लोगों के सामने पेश की जाए ।इसके अलावा कई दशकों से लगातार जो खोज सरकार, स्थानीय अधिकारी और सेना द्वारा की जा रही है उनके उद्देश्यों और रणनीतियों को उजागर किया जाए । शोधकताओं ने इस डॉक्युमेंट्री में खजाना ढूंढने की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस डॉक्यूमेंट्री में खजाने की खोज के दौरान नकली नोटों पर भी स्पॉटलाइट पड़ती है, जिससे दर्शक हैरान रह जाते हैं। एक सिद्धांत है कि वेटिकन , नाजियों और स्विस बैंक ने इस खजाने के लिए मिलीभगत की थी। अफवाह यह भी है की यह खजाना वेटिकन से जुड़े किसी बैंक लॉकर में होगा।
यह भी दावा किया जाता है कि इस खजाने की तस्करी ' उस्तास ' नामक एक क्रोएशियाई कट्टरपंथी समूह द्वारा की गई थी । द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उस्तास समूह ने दक्षिण अमेरिका में नरसंहार करने का प्रयास किया। इस अफवाह की वजहसे सवाल उठता है की क्या अमेरिका इसमें शामिल था ?

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाए सोनीपत विधानसभा के मुद्दें


## विधायक सुरेंद्र पंवार ने सत्र में सड़कों की खस्ता हालत, आशा वर्कर्स की मांग को उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सोनीपत विधानसभा के विभिन्न मुद्दें पुरजोर तरीके से उठाए। उन्होंने सत्र के दौरान सरकार से सड़कों की खस्ता हालत, सुभाष चौक स्थित 17 दुकानों का मालिकाना हक, आशा वर्कर्स, जेई का पे-ग्रेड बढ़ोत्तरी, अवैध कालोनियों को वैध करने सहित अन्य मुद्दों के समाधान की मांग की।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने विधानसभा के मानसून सत्र में



शून्यकाल के दौरान बोलत हुए कहा कि सोनीपत की पीडब्ल्यूडी की सड़कों की हालत दयनीय हो चुकी है, टैंडर अलाट होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किया जा रहा। हालांकि डिप्टी सीएम टैंडर अलॉट होने के तीन माह पहले ही सड़कों का सोनीपत जाकर उद्घाटन भी कर चुके है, लेकिन कोई कार्य शुरू नहीं हुआ, इससे जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि सोनीपत विधानसभा में घोषित अवैध कालोनियों को अभी तक वैध घोषित नहीं किया गया, जबकि मंत्री ने पिछले विधानसभा सत्र में वैध घोषित करने के लिए कहा था। प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए इस सवाल के जवाब में संबधित मंत्री ने उतर दिया कि सोनीपत विधानसभा में 35 अनाधिकृत कालोनियों की पहचान की गई है। जिनमें से प्रत्येक को प्राथमिकता के आधार पर आगामी तीन माह के अंदर निर्दिष्ट मापदंडों के पूरा होने पर घोषित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित कर दिया जाएगा।
इस पर विधायक सुरेंद्र पंवार ने पूछा कि जब तब इन्हें अनाधिकृत घोषित किया है, क्या इसमें मूलभुत आवश्यकताओं के विकास कार्य हो सकते है, इस पर मंत्री ने कहा कि घोषित क्षेत्र होने के बाद ही ये कालोनियां नागरिक मूलभुत सुविधाओं के लिए पात्र होगी।

## भाजपा सरकार में अनुसूचित वर्ग के अधिकार सुरक्षित: जसवीर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/ अनुसूचित जातियों को** प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए देने के लिए मुख्यमंत्री का अनुसूचित समाज की तरफ से जसबीर दोदवा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। गोरतलब है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा सत्र के दौरान बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि ग्रुप ए बी कैटेगरी की सरकारी नौकरियों में प्रमोशन में अनुसूचित जाति को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा जिसे लाखों कर्मचारियों को इससे लाभ मिलेगा। जसवीर दोदवा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा एक हरियाणवी के नारे के तहत काम कर रहे हैं और अनुसूचित जाति के सबसे बड़े हितैषी मुख्यमंत्री मनोहर लाल है।

## मार्डन पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । शास्त्री नगर स्थित** मार्डन पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा व प्राचार्या महक धनखड़ ने स्कूल के छात्रों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई बहन के बीच साझा किए जाने वाले गहरे व स्थाई प्रेम का प्रतीक है। यह त्योहार श्रावण मास की पुर्णिमा पर मनाया जाता है। उन्होंने रक्षाबंधन पर प्रचलित कथा का भी वर्णन विद्यार्थियों के सामने किया। इसके बाद स्कूल में राखी कंपटीशन भी हुआ, जिसमें बच्चों ने सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को राखी भी बांधी।

## छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक महोदय को बांधी राखी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**रक्षा बंधन** से पूर्व मंगलवार को दी सेंटेनियल स्कूल की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत को तिलक लगाकर कलाई पर सगुन की राखी बांधी और उन्हें स्वनिर्मित राखी भी भेंट की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने छात्राओं को रक्षा बंधन की बधाई देते हुए सभी को स्नेह स्वरूप चॉकलेट भेंट की।
पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने इस दौरान स्कूली छात्राओं की इस भावना का सम्मान करते हुए आश्वस्त किया की वे जिला में बतौर एसपी ही नही बल्कि जिम्मेदार पिता और कर्तव्य निष्ठ भाई की तरह बेटियों की सुरक्षा करेंगे।

## रोटरी क्लब ने घसौली के राजकीय स्कूल में बालिका शौचालय किया समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**रोटरी** क्लब गन्नौर द्वारा घसौली के राजकीय स्कूल में छात्राओं के लिए बनाए गए शौचालय का उद्घाटन किया गया। गाजियाबाद से आए पूर्व जिला गवर्नर सुभाष जैन व अमित गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। क्लब ने स्कूल में 11 पंखे वितरित करने साथ ही स्कूल प्रांगण में 51 पौधे रोपित किए। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विशेष तौर पर आमंत्रित मुख्य शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने क्लब का आभार जताया। मंच संचालन प्रवीण कुमार ने किया। स्कूल प्राचार्य संदीप जैन ने




कहा कि रोटरी क्लब द्वारा पहले भी स्कूल में काफी सहयोग दिया है। इसके बाद क्लब ने मोहन दास गोशाला गांव शाहपुर तगा में 11 पंखे दान दिए तथा गायों के लिए चारे का प्रबंध किया। इस मौके पर क्लब के प्रधान राजेश जैन, सचिव विकास जैन, पवन जैन, नवीन खन्ना, प्रीतम आहूजा, रजत गुप्ता, अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने के लिए आवेदन आमंत्रित

## इच्छुक कलाकार या पार्टी 20 सितबंर तक अपना आवेदन डीआईपीआरओ कार्यालय में करवा सकते है जमा: डीआईपीआरओ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला सूचना** एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा जिला स्तर पर लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि इच्छुक कलाकार 20 सितंबर तक अपना आवेदन जिला सूचना एवं जनसंपर्क( डीआईपीआरओ) कार्यालय में जमा करवा सकता है। इन सूचीबद्ध पार्टी या कलाकारों को कार्यकाल तीन वर्ष रहेगा।
डीआईपीआरओ ने बताया कि ड्रामा यूनिटें जिसमें लोक नाटक पार्टियों, नाटक-संगीत इत्यादि शामिल है और इसके लिए एक पार्टी में 10 से 15 कलाकारों का होना जरूरी है। विभाग द्वारा ड्रामा यूनिटों को 5510 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक मण्डलियां, जिसमें सामूहिम कार्यक्रम संगीत, लोक नृत्य तथा अन्य विविध कार्यक्रम इत्यादि शामिल है और इसके लिए एक पार्टी में 10 से 15 कलाकारों को होना जरूरी है। विभाग द्वारा

**आवेदन**

▶▶ डीआईपीआरओ ने बताया कि ड्रामा यूनिटें जिसमें लोक नाटक पार्टियों, नाटक-संगीत इत्यादि शामिल है

सांस्कृतिक मण्डलियों को 5510 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।
डीआईपीआरओ ने बताया कि लोक कलाकार मण्डली व पार्टी, जिसमें भजन पार्टी परम्परागत लोक गायन पार्टी/आलहा, जंगम और कठपुतली पार्टी इत्यादि शामिल और इसके लिए एक पार्टी में 03 से 05 कलाकारों को होना जरूरी है। विभाग द्वारा लोक कलाकार मण्डली व पार्टी को 1378 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा एकल कलाकार, जिसमें नाटक कलाकार, लोक गायन तथा संगीतकार, तबला वादक, ढ़ोलक वादक, हारमोनियम वादक, बेंजू वादक, बीन वादक, बांसुरी वादक तथा कलारनैट वादक इत्यादि शामिल है। विभाग द्वारा एकल कलाकार को 458 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा उपरोक्त दरों में एक वर्ष बाद 05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि की जाएगी।
डीआईपीआरओ ने बताया कि इच्छुक कलाकार या पार्टी जो अपने कार्य में दक्ष हों और विभाग द्वारा निर्धारित शर्तो को पूरा करती हो वे अपना आवेदन जमा करवाने या अन्य किसी जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस पर लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग ने स्ट्रोक मैनेजमेंट पर लोगों को दी जानकारी




**सोनीपत:** स्ट्रोक के मामलों में शुरूआती लक्षणों को समझना और इसके लेटेस्ट इलाज से जुड़ी जानकारियां लोगों तक पहुंचाने के मकसद से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग (नई दिल्ली) ने आज इस विषय पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया. इस सत्र में लोगों को स्ट्रोक के शुरूआती लक्षणों की पहचान कर इलाज कराने और सोनीपत में उपलब्ध इलाज के विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई. इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग (नई दिल्ली) में न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर के.के जिंदल और न्यूरो सर्जरी के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर शैलेश जैन मौजूद रहे.*
इन विशेषज्ञों ने बताया कि स्ट्रोक पड़ने के बाद गोल्डन आवर्स में अस्पताल पहुंचाना कितनी महत्वपूर्ण है. मैक्स हॉस्पिटल शालीमार पानीपत वासियों के लिए इस तरह के मामलों में सबसे नजदीकी हॉस्पिटल है जहां स्ट्रोक के बाद तुरंत पहुंचा जा सकता है और इलाज पाया जा सकता है. स्ट्रोक के लक्षणों जैसे चेहरे में फर्क आना, बांहों में कमजोरी, बोलने में समस्या समझना बेहद जरूरी है. इसके अलावा थ्रांबोलिटिक थेरेपी भी लोगों के बीच काफी आम होनी चाहिए ताकि समय पर इलाज की इंपोर्टेंस का पता लग सके. स्ट्रोक के मामले में एक मिनट की भी देरी ब्रेन को नुकसान पहुंचाने का काम करती है।

## दान किया गया रक्त बचाता है जरूरतमंद की जान: संदीप

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**रिफाइनरी स्थित** मार्किटिंग डिविजन में रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में डिविजन के कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ-साथ ड्राइवरों , कंडक्टरों और श्रमिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर में 74 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मार्किटिंग डिवीजन के महाप्रबंधक संदीप कुमार भट्ट द्वारा रक्तदाता को बैज लगाकर किया गया । रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए महाप्रबंधक संदीप कुमार भट्ट ने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नही आती । अपितु रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है । उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।

## छात्राओं ने समूहगान प्रतियोगिता में मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारत विकास परिषद** शाखा द्वारा आयोजित यूनिक पब्लिक स्कूल पुगथला में समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रविंदर गर्ग ने की। डॉ आभा गर्ग एवं मनीषा शर्मा गोहाना ने जज की भूमिका निभाई यह भारत विकास परिषद की नौवीं प्रतियोगिता थी जो यूनिक स्कूल पुगथला में हुई। ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों ने अपनी प्रतिभागिता निभाई। जिसमें नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू - भांवर कि छात्रों ने



प्रथम स्थान, यूनिक स्कूल व जे.एम. पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान प्रयास इंटर नैशनल स्कूल व चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान पर रहे। योगेश कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने से बच्चों में अनुशासन की भावना आती है। यूनिक स्कूल के निदेशक अजय भूक्कर व शाखा के अध्यक्ष में राजेंद्र कौशिक ने सभी का का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में तरुण प्रताप त्यागी , योगेश कौशिक ,अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ,महिला संयोजिका मनीषा जैन, एडवोकेट अंकित त्यागी , संदीप सिंघल, निशा कौशिक , एडवोकेट नेहा त्यागी सांस्कृतिक माह संयोजिका, रजनी जैन दीपिका जिंदल, गौरव शर्मा बेटी काजल आदि उपस्थित रहे ।

# सरकार की निशुल्क बस यात्रा शुरू, बूथों पर बसें नहीं होने से यात्री परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। हरियाणा** सरकार ने मंगलवार से रक्षाबंधन पर 12:00 बजे से निशुल्क बस यात्रा की शुरूआत कर दी। निशुल्क बस यात्रा के शुरू होते ही यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों को बसों की कमी खलती हुई नजर आई। नारनौल बस अड्डे पर 12:00 बजे से ही यात्रियों खासतौर पर महिलाओं की बहुत ज्यादा भीड़ थी। महिलाओं की भीड़ को देखते हुए रोडवेज ने बसों का प्रबंध नहीं किया हुआ था।
**प्राइवेट बस इक्का-दुक्का नजर आई:** एक-दो किसी भी बूथ को छोड़कर किसी भी बूथ पर बस नहीं लगी हुई। इसके अलावा प्राइवेट बस भी इक्का-दुक्का ही नजर



आई। ऐसे में पूरा भार रोडवेज के ऊपर नजर आया। बस स्टैंड पर जो बसें लगी हुई थी, वह आते ही यात्रियों से पूरी भर रही थी। हालांकि रोडवेज प्रशासन ने दावा किया था कि सभी 127 बजे निर्धारित रुट पर चलाई जाएंगी लेकिन पहले भी नहीं रोडवेज के दावे फेल होते हुए नजर आए।
**टिकट नंबर देते दिखाई दिए कर्मचारी:** सरकार ने रक्षाबंधन को देखते हुए बसों में महिलाओं और बच्चों की यात्रा फ्री की हुई है। काउंटर पर बस परिचालक बस के सीट के नंबर काटते हुए नजर आए। इसके चलते दिल्ली, गुड़गांव, हिसार जाने वाले यात्रियों को लाइन में लगकर पुरुष यात्री टिकट और महिला यात्री सीट नंबर लेते हुए नजर आये।
**रोडवेज के साथ ही सहकारी समितियों की बसों में भी दी जा रही है निशुल्क यात्रा की सुविधा:** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बसों में निशुल्क यात्रा की शुरूआत होते ही बस अड्डे से रोडवेज की बसें ही गायब हो गई। विभिन्न रूटों पर जाने वाले यात्री बूथों पर खड़े होकर बसों का इंतजार करते रहे। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि रोडवेज अधिकारियों का दावा है कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। रोडवेज के साथ ही सहकारी समितियों की बसों को भी विभिन्न रूटों पर भेजा जा रहा है।
बस अड्डे पर यात्रियों की भारी भीड़ रही, लेकिन बसों की कमी के चलते यात्रियों को बस आने का लंबा इंतजार करना पड़ा। हालात यह रहे कि जिस भी रूट की बस आती, वह बूथ पर लगने से पहले ही भर जाती। बस के अंदर सीट लेने को लेकर झगड़े तक होते रहे। दोपहर 12.30 बजे दो-तीन बूथ को छोड़ दें तो किसी भी बूथ पर बस नहीं लगी थी। सहकारी समितियों की बसें भी नाममात्र ही थी। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि सभी बसें यात्रियों को लेकर सुबह ही रवाना हो गई थी। जबकि निशुल्क यात्रा की सुविधा दोपहर 12 बजे से शुरू हुई थी।

## हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया

**प्रतियोगिता**

▶▶ विद्यालय में एक स्पोर्ट्स क्विज कराया गया। जिसमें कक्षा 11वीं व 12वीं के बच्चों ने हिस्सा लिया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । जीटी रोड** स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में नेशनल स्पोर्ट्स डे मनाया गया। इस अवसर पर हाकी सम्राट मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस




अवसर पर विद्यालय में एक स्पोर्ट्स क्विज कराया गया। जिसमें कक्षा 11वीं व 12वीं के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान 12वीं विज्ञान के छात्र पारस, सरगम, निधि, दीपांशु ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान 11 विज्ञान के रोजी, दीक्षा, खुशबू और यश ने प्राप्त किया। जबकि कक्षा 12वीं कामर्स के प्रथम, तुषार व यश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या उषा मलिक ने विजेता विद्यार्थियों को

# अगले दो महीने में इस टीम के साथ यादें बनाना चाहता हूं : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली ।** रोहित शर्मा स्वदेश में होने वाले विश्व कप से जुड़े भारी दबाव को समझते हैं लेकिन भारतीय कप्तान खुद को बाहरी बातों से दूर रखना चाहते हैं क्योंकि वह एक दशक में देश के लिए पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने की कठिन यात्रा पर निकल रहे हैं। भारत के 36 वर्षीय कप्तान के कंधों पर एक अरब से अधिक लोगों की उम्मीदों का बोझ है और उन्हें पता है कि पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले के साथ शुरू हो रहे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में क्या दांव पर लगा है। बेंगलुरू में एशिया कप के शिविर से जुड़ने से पहले रोहित ने कहा, 'मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं खुद को सहज रखूं और उन बाहरी तत्वों के बारे में चिंता नहीं करूं जो सकारात्मक या नकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं उस चरण में जाना चाहता हूं जिसमें मैं 2019 विश्व कप से पहले था।' पिछले टूर्नामेंट में अभूतपूर्व पांच शतक के साथ 648 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे रोहित ने कहा, 'मैं मानसिक रूप से काफी अच्छी स्थिति में था और टूर्नामेंट के लिए काफी अच्छी तैयारी की थी।' उन्होंने कहा, 'मैं अच्छी लय, मानसिकता में था। मैं इसे वापस लाना चाहता हूं और मेरे पास ऐसा करने के लिए समय है। उन सही चीजों को दोहराने की कोशिश कर रहा हूं जो एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में 2019 विश्व कप से पहले मैं कर रहा था।'




# मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह

**सलालाह।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में मलेशिया को 9-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के लिए नवजोत कौर (सातवां, 10वां, 17वां मिनट) ने तीन गोल किए, जबकि मारियाना कुजूर (नौंवा, 12वां मिनट) और ज्योति (21वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किए। महिमा चौधरी (14वां) और मोनिका दीपी टोप्पो (22वां मिनट) ने एक एक गोला जमाया। मलेशिया के लिए ज़ती मुहम्मद (चौथा, पांचवां मिनट), डियान नाज़ेरी (10वां, 20वां मिनट) और अजीज़ ज़फीराह (16वां मिनट) ने गोल जमाए। उल्लेखनीय है कि विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिए भारत को शीर्ष तीन में रहना था और इस जीत के साथ भारतीय टीम शीर्ष आयोजन में पहुंच गई है। भारत मैच में शुरू से ही आक्रामक रहा, लेकिन मलेशिया ने ज़ती मुहम्मद के गोल की मदद से चौथे मिनट में बढ़त बनाई। ज़ती मोहम्मद ने अगले ही मिनट मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि अपनी आक्रामक नीति के बदलाव नहीं किया और उसे जल्द ही इसका फल भी मिला। कप्तान नवजोत कौर और मरियाना कुजूर ने क्रमशः सातवें और नौवें मिनट में गोल जमाकर भारत के लिए स्कोर बराबर किया। नज़ेरी ने 10वें मिनट में मलेशिया का तीसरा गोल किया लेकिन 12वें मिनट तक नवजोत और कुजूर ने एक एक गोल जमाकर भारत को पहली बार बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। महिमा ने 14वें मिनट में फील्ड गोल दागा और भारत हाफ टाइम तक 5-3 से आगे रहा।

# एक्सरसाइज बाइक पर पसीना बहाते नजर आए ऋषभ पंत

**नई दिल्ली** पिछले साल दिसंबर में हुए भीषण कार एक्सीडेंट के बाद से टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। पंत पिछले 9 महीने से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं, लेकिन बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ठीक हो रहे हैं। पंत को हाल ही में बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट के मैदान पर वापस देखा गया था। अब दिल्ली के विकेटकीपर ने एक्सरसाइज बाइक पर अपना एक और वीडियो पोस्ट किया है। पंत ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'पकड़, मोड़, चप्पू, केवल अच्छे वाइब्स।' उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऋषभ पंत के अधिकांश प्रशंसक उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर जल्द ही वापसी की कामना कर रहे हैं। दुर्घटना के बाद उनके मीडियल कोलेटरल लिगामेंट का ऑप्रेट हुआ और वह लम्बी रिकवरी के बाद रिहैब के लिए एनसीए चले गए जहां वह तेजी से ठीक हो रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 21 जुलाई को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पंत की प्रगति पर आशाजनक अपडेट दिया। पंत ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में नेट्स पर कीपिंग फिर से शुरू कर दी है।

# इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला से हटे जिमी नीशम

**डरहम।** न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी जिमी नीशम ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला से अपना नाम वापस ले लिया है। आईसीसी के अनुसार, इंग्लैंड की घरेलू टी20 प्रतियोगिता में द ओवल इनविंसिबल्स के साथ अपने घरेलू अभियान के पूरा होने के बाद नीशम को न्यूजीलैंड शिविर में शामिल होना था। लेकिन 32 वर्षीय खिलाड़ी अपने पहले बच्चे के जन्म से पहले अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए न्यूजीलैंड लौट गए। नीशम ने राष्ट्रीय टीम के लिए 150 से अधिक मैचों में हिस्सा लिया है और वनडे विश्व कप के पिछले संस्करण में टीम को मिली सफलता में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने 232 रन बनाए थे और 15 विकेट लिए थे।



न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वदेश लौटने और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला छोड़ने के नीशम के फैसले का पूरा समर्थन किया।

आईसीसी के हवाले से स्टीड ने कहा, बच्चे का जन्म एक विशेष समय होता है और हम एक पारिवारिक माहौल में हैं। घर जाने में जिमी का समर्थन करने में सक्षम होने पर हमें खुशी है।

इंग्लैंड के खिलाफ चार टी20 मैचों के लिए न्यूजीलैंड की 15 खिलाड़ियों की टीम में नीशम की जगह ऑलराउंडर कोल मैककोन्ची लेंगे और स्टीड को भरोसा है कि 31 वर्षीय खिलाड़ी इस कमी को आसानी से भर सकते हैं।स्टीड ने कहा, कोल ने इस साल हमें प्रभावित किया है जब उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौके दिए गए हैं और वह एक मजबूत क्षेत्ररक्षक होने के साथ-साथ बल्ले और गेंदबाजी के साथ किसी भी टीम को विकल्प प्रदान करता है। इंग्लैंड के खिलाफ चार टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मैच बुधवार को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी20 टीम इस प्रकार है- टिम साउदी (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, कोल मैककोन्ची, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, टिम सेफर्ट, ईश सोढ़ी।

# सचिन, सहवाग सहित कई भारतीय क्रिकेटरों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने पर नीरज को दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, वीरेन्द्र सहवाग और गौतम गंभीर सहित कई भारतीय क्रिकेटरों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बधाई दी है।

नीरज चोपड़ा ने अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीता। 87.82 मीटर के साथ राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन अरशद नदीम को रजत पदक मिला। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सचिन ने सोमवार को एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर लिखा, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण। यह भारतीय खेलों के लिए एक



ऐतिहासिक मील का पत्थर है। आप जिस भी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसमें आपकी कड़ी मेहनत चमकती है।

तेंदुलकर के पूर्व साथी वीरेंद्र सहवाग ने अपने अनोखे अंदाज में गोल्डन बॉय को बधाई दी। सहवाग ने अपने ट्वीट में लिखा, फेंको तो ऐसे फेंको कि चार लोग बोले क्या फेंकता है यार। 88.17 मीटर दूर भाला फेंका और हमारे चैंपियन नीरज चोपड़ा के लिए विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप स्वर्ण। मेगा रन जारी है। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने नीरज की सफलता पर बधाई देते हुए लिखी,हमारे हीरे के लिए सोना!

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने शुभकामनाएं दीं और लिखा, नीरज चोपड़ा हम सभी को गौरवान्वित कर रहे हैं..कई विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पदक जीतने वाले पहले भारतीय.. कमाल करते रहो। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और लिखा, हम सभी को गोल्ड पसंद है लेकिन नीरज चोपड़ा को इससे प्यार है... पूरे देश को आप पर गर्व है भाई। भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लिखा, आप भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं! विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने पर बधाई।

# महाराजा ट्रॉफी :करुण नायर ने 40 गेंदों पर ठोका शतक, मिली बड़ी जीत, टीम फाइनल में

**नई दिल्ली ।** महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी-20 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले में मैसूर वॉरियर्स ने गुलबर्गा मिस्टिक्स को 36 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी में खेले गए मुकाबले में मैसूर वॉरियर्स के बल्लेबाज करुण नायर का बल्ला जमकर चला। करुण ने 40 गेंदों पर शतक लगाया जिससे उनकी टीम ने 20 ओवरों में 248 रन बना दिए। जवाब में खेलने उतरी गुलबर्गा मिस्टिक्स 20 ओवरों में 8 विकेट पर 212 रन ही बना पाई और 36 रन से मैच गंवा दिया। पूरे मैच की खासियत आर समर्थ और कप्तान करुण नायर के बीच हुई पार्टनरशिप रही। दोनों ने 64 गेंदों में टीम के लिए 148 रन बना दिए। करुण नायर ने जहां 42 गेंदों पर सात चौके और नौ छक्कों की मदद से 107 रन बनाए तो वहीं, समर्थ ने 50 गेंदों पर 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। एस. कार्तिक ने 23 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 41, मनोज ने 5 गेंदों पर 18 रन बनाए।

जवाब में खेलने उतरी गुलबर्गा को सिर्फ मैकनील हेडली नोरोन्हा और अबुल हसन खालिद का ही सहारा मिला। नोरोन्हा ने 34 गेंदों पर 61 तो खालिद ने 29 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। हालांकि उनकी पारियां टीम के काम नहीं आई और उन्हें 36 रन से हार झेलनी पड़ी। अपनी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने करुण नायर ने कहा कि मुझे वहां बहुत अच्छा लगा। मैं टीम की जीत में योगदान देकर बहुत खुश हूं। एक और खेल बाकी है और एक पारी और बाकी है। यह अच्छा विकेट था, इससे बहुत खुश हूं।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हुए ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू वेड की वापसी

**डरबन।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल टीम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान टखने में चोट लगने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। मैक्सवेल की अनुपस्थिति में मैथ्यू वेड की टीम में वापसी हुई है।34 वर्षीय मैक्सवेल के ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप अभियान के लिए समय पर टखने की समस्या से उबरने की उम्मीद है, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा कि मैक्सवेल के चोट के इतिहास को देखते हुए उनके साथ कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा।

डोडेमाइड को भरोसा है कि मैक्सवेल अगले महीने के अंत में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान टीम में वापसी करेंगे और विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। डोडेमाइड ने कहा,'हम एहतियाती रुख अपना रहे हैं। हम ग्लेन की रिकवरी पर नजर रखेंगे ताकि वह विश्व कप से पहले




भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहें।

टी-20 सीरीज बुधवार से डरबन में शुरू हो रही है और सभी तीन मैच पांच दिनों तक एक ही शहर में खेले जाएंगे।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है-

मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेसन बेहरेनडोर्फ, टिम डेविड, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, मैथ्यू वेड, एडम ज़ाम्पा।

# सऊदी अरब राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए रॉबर्टो मैनसिनी

**रियाद।** रॉबर्टो मैनसिनी को सऊदी अरब की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। 58 वर्षीय मैनसिनी ने प्रति वर्ष 25 मिलियन यूरो की राशि पर चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

मैनसिनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ में शामिल हो रहा हूं। इन वर्षों के दौरान किए गए सभी कार्यों की सराहना और मान्यता के संकेत के रूप में, मुझे इतनी प्रतिष्ठित भूमिका के लिए चुने जाने पर खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है। मैं राष्ट्रपति यासर अल मिसेहल को धन्यवाद देता हूं।'

लाजियो, इंटर मिलान, मैनचेस्टर सिटी और कई अन्य क्लबों को प्रशिक्षित करने के बाद, मैनसिनी ने 2018 में इटली की कमान संभाली और उन्हें यूरो



2020 चैंपियनशिप जीतने में मदद की। लेकिन इटली 2022 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

मैनसिनी सितंबर में पदार्पण करेंगे और उनके नेतृत्व में सऊदी अरब 2026 विश्व कप क्वालीफायर और कतर एशियाई कप में हिस्सा लेगा।

# ईश्वर शरण में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' फिट इंडिया मिशन का आयोजन

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के साथ-साथ 2019 से फिट इंडिया मिशन के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया था। तब से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा फिट इंडिया मिशन का आयोजन समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, समाज में खेल भावना जागृत करने के लिए आपसी एकता एवं सद्भाव को बढ़ावा देने हेतु किया जाता रहा है।

यह बातें ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज एनएसएस प्रभारी डॉ अरविंद कुमार मिश्र ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कही। राष्ट्रीय सेवा योजना ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) फिट इंडिया मिशन के तत्वावधान में महाविद्यालय स्थित स्टेडियम में विविध खेल




प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को फिट इंडिया मिशन शपथ दिलाई गई।


महाविद्यालय मे लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में शुभांगी घोष, हिमांशी पाल, नेहा जायसवाल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों के 100 मीटर दौड़ में नितिन प्रकाश, आयुष एवं अभय प्रताप सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल मैच में स्वामी विवेकानंद क्लब एवं भगत सिंह क्लब द्वारा लगातार तीन सेट खेलने के पश्चात भगत सिंह क्लब विजेता रही। इंडोर गेम शतरंज प्रतियोगिता में सौरभ मौर्य, दीपक यादव, अपर्णा त्रिपाठी, केतन मोदनवाल के बीच फाइनल राउंड खेलने के पश्चात अपर्णा त्रिपाठी विजेता रही। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ शैलेश कुमार यादव, डॉ रुचि गुप्ता, डॉ कृष्ण सिंह, डॉ गायत्री सिंह एवं डॉ रेफाक अहमद के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की सभी इकाइयों से स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# एफसी बायर्न यूथ कप नेशनल फाइनल्स की मेजबानी करेगा बिगहिट

**मुंबई।** भारतीय खेल समुदाय के लिए डिज़ाइन किया गया स्पोर्ट्स ऐप बिगहिट, 5 से 7 सितंबर, 2023 तक गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू (पीजेएन) स्टेडियम में आयोजित एफसी बायर्न यूथ कप नेशनल फाइनल्स की मेजबानी करेगा। 8 राज्यों और 28 शहरों से 240 खिलाड़ियों की 16 टीमें नेशनल फाइनल के लिए भाग ले रही हैं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम की शोभा गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत भी बढाएंगे।

प्रारंभिक प्रयास के रूप में, बिगहिट ने नेशनल फाइनल्स के लिए भारत में राज्य-स्तरीय टूर्नामेंटों का आयोजन और मेजबानी की, जिसमें 7000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

नेशनल फाइनल्स में, एफसी बायर्न के दिग्गजों और स्काउट्स द्वारा 10 खिलाड़ियों की खोज की




जाएगी, जो वर्ल्ड फाइनल्स 2023 के लिए म्यूनिख, जर्मनी की यात्रा करेंगे। वे एफसी बायर्न मैदान पर 5-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से भी गुजरेंगे जिसमें एफसी बायर्न अंतरराष्ट्रीय युवा कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र भी शामिल होगा। फाइनल मैच अक्टूबर में म्यूनिख के ओलंपिक स्टेडियम में होगा। एफसी बायर्न यूथ कप इंडिया की मेजबानी को लेकर बिगहिट के सह-संस्थापक और सीईओ शक्ति प्रकाश ने कहा, ÷एफसी बायर्न यूथ कप इंडिया की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को पेशेवर स्तर पर यूरोपीय फुटबॉल का अनुभव करने में सक्षम करेगा और उन्हें फुटबॉल को एक पेशेवर खेल के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।बिगहिट के सह-संस्थापक और सीबीओ विनित कोरे ने कहा, ÷यूथ कप की मेजबानी के लिए एफसी बायर्न के साथ आना बिगहिट के लिए भारत में युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने का एक शानदार अवसर है। उभरते फुटबॉलरों को न केवल जीवन में एक बार मिलने वाले अवसर का अनुभव मिलेगा, बल्कि उन्हें यूरोपीय फुटबॉल के लिए एक रोडमैप भी मिलेगा।

एफसी बायर्न यूथ कप यूरोपीय फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित सबसे पुराने युवा फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक है, जो युवा खिलाड़ियों को खुद को निखारने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। एफसी बायर्न यूथ कप 2012 में लॉन्च किया गया था और इसका आयोजन वार्षिक तौर पर हर साल अलग-अलग देशों में होता है। इसकी स्थापना के बाद से अब तक 17 देशों के 100,000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया है। 26 पूर्व एफसी बायर्न यूथ कप खिलाड़ी पेशेवर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे बढ़े या राष्ट्रीय (युवा) टीम के लिए नामांकित हुए। इसके अलावा, 3 पूर्व एफसी बायर्न यूथ कप खिलाड़ियों को बायर्न की अंतरराष्ट्रीय अंडर-19 टीम, एफसी बायर्न वर्ल्ड स्क्वाड में पदोन्नत किया गया था।

बिगहिट सीज़न 2023 यानी भारत में एफसी बायर्न यूथ कप के 10वें संस्करण की मेजबानी करेगा। एफसी बायर्न और बिगहिट मिलकर म्यूनिख में विश्व फाइनल 2023 के लिए क्वालीफाई करने वाले देश के सर्वश्रेष्ठ 10 खिलाड़ियों की खोज कर रहे हैं।

# एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर: भारतीय टीम की निगाहें मजबूत शुरुआत पर

**ओमान।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम सलालाह, ओमान में बांग्लादेश के खिलाफ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से 2 सितंबर तक होने वाला है। भारत को एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है, जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ अपनी शुरुआती मैच के बाद, भारत 30 अगस्त 2023, बुधवार को ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा, और फिर 31 अगस्त 2023, गुरुवार को मलेशिया और जापान के खिलाफ मुकाबला करेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए शीर्ष तीन में जगह बनाने की उम्मीद के साथ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में प्रवेश करेगी। बता दें कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में कुल 16 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेजबान देश होने के नाते ओमान ने पहले ही 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिए जगह बना ली है। टूर्नामेंट में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले देशों के अलावा, अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया में महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के शीर्ष 3 देश 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। आखिरी बार, भारतीय पुरुष हॉकी टीम बांग्लादेश के खिलाफ हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ढाका 2021 के दौरान खेली थी, जहां भारत ने अपने विरोधियों को 9-0 से हराया था। इस बीच, ओमान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत मेन्स हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में हुई थी, जिसे भारत ने 11-0 से जीता था।


AAP
सभी देशवासियों को
रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजीत यादव
निगम पार्षद, भलस्वा वार्ड (वार्ड नम्बर-17)


सभी देशवासियों को
रक्षाबंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
नीलदमन खत्री
पूर्व विधायक, नरेला विधानसभा क्षेत्र
केशरानी खत्री
पूर्व पार्षद, नरेला वार्ड


सभी देशवासियों को
रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सुमन शर्मा
निगम पार्षद, आजादपुर वार्ड ( वार्ड नम्बर-16)


रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई
उम्मीदे तैरती रहती है,
कश्तीयों डूब जाती है।
कुछ घर सलामत रहते है,
आंधियां जब भी आती है
बचा ले जो हर तूफां से,
उसे "आस" कहते है।
बड़ा मजबूत है ये धागा,
जिसे विश्वास कहते है।
एडवोकेट चित्रा "विद्यार्थी"
निगम पार्षद M.A.,L.L.B., LL.M.
वज़ीर पुर वार्ड न. 66
aap
AAM AADMI PARTY
प्रेम कुमार "विद्यार्थी"
पार्षद प्रतिनिधि
वजीर पुर विधानसभा